**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 21 लखनऊ, रविवार 01 सितंबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## क्या औरतों की सुरक्षा को लेकर बनने वाला है बेहद कठोर कानून ?

### महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध को लेकर चिंतित हैं पीएम मोदी



एजेंसी।

नई दिल्ली दिल्ली में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता का विषय है।" उन्होंने बताया कि "महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कई सख्त कानून बनाए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर से देश भर में सवाल उठ रहे हैं। कोलकत्ता के कांड के बाद चोरों और से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अलोचना भी हो रही हैं। ऐसे में मांग हो रही है कि महिलाओं को लेकर कठोर कानून बनें। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस पर बात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों के त्वरित निपटारे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जितनी तेजी से फैसले लिए जाएंगे, "आधी आबादी की सुरक्षा का आश्वासन उतना ही अधिक होगा।" दिल्ली में जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज महिलाओं के खिलाफ अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज की गंभीर चिंता का विषय है।" उन्होंने बताया कि "महिलाओं की सुरक्षा के लिए देश में कई सख्त कानून बनाए गए हैं। 2019 में फास्ट–ट्रैक विशेष अदालतों के लिए एक योजना बनाई गई थी। इसके तहत महत्वपूर्ण गवाहों के लिए बयान केंद्रों का प्रावधान है।"पीएम मोदी ने कहा "इसमें भी जिला निगरानी समितियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। जिला न्यायाधीश, जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक भी इस समिति में भाग लेते हैं।

## पांच दिन चली सिपाही भर्ती परीक्षा समाप्त, डीजीपी बोले– सबसे बड़ी परीक्षा कराने में सफल रहे

संवाददाता

लखनऊयूपी डीजीपी ने कहा कि योगी सरकार का संकल्प है कि परीक्षा सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न हो और सिर्फ मेधावी छात्र ही नौकरियों में आएं। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी परीक्षा कराने में हम सफल हुए हैं।यूपी में सिपाही भर्ती के लिए पांच दिन तक चली परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। शनिवार को दो पालियों में हुई परीक्षा के साथ ही शासन–प्रशासन ने राहत की सांस ली है। यूपी डीजीपी ने कहा कि हम विश्व की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा कराने में सम्पन्न रहे। बता दें कि पुलिस भर्ती परीक्षा में लाखों अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा का आयोजन 25, 26, 27, 30 और 31 अगस्त को किया गया।यूपी डीजीपी ने शनिवार को लखनऊ के तेलीबाग में राम भरोसे मैकू लाल इंटर कालेज में खुद भी निरीक्षण किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि देश और विश्व की सबसे बड़ी पुलिस की परीक्षा है जिसको सकुशल संपन्न कराने में हम लोग सफल हुए हैं। जैसा की सरकार का संकल्प है कि भर्ती सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हो और सिर्फ मेधावी छात्र ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा



के बाद नौकरियों में लिए जाएं. .. जो बच्चे अभी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आ रहे हैं वो जनता और विभाग की सेवा अगले 40 साल तक करेंगे। अभी की भर्ती 60 हजार से कुछ अधिक की है। आने वाले एक साल में हम कुल एक लाख लोग विभाग में लेंगे।सिपाही के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयोजित लिखित परीक्षा के चौथे दिन 21.80 फीसद अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शुक्रवार को परीक्षा में 6,91,936 अभ्यर्थी शामिल हुए,

## सीएम के वायरल आडियो का मामला, कुकी-जो संगठनों ने निकाली रैली, किया विरोध प्रदर्शन

, t l hA

मणिपुर कुकी निकायों ने दावा किया है कि लीक हुआ ऑडियो टेप मणिपुर भर में कुकी के कब्जे वाले क्षेत्र पर जबरन कब्जे में मूल आदिवासी कुकियों के खिलाफ जातीय सफाई में एन बीरेन सिंह की भागीदारी के पर्याप्त सबूत प्रदान करता है। सरकार ने क्लिप को श्फर्जीश करार दिया था और कहा था कि इसे जातीय हिंसाग्रस्त राज्य में चल रही श्शांति प्रक्रियाश को बाधित करने के प्रयास में सोशल मीडिया पर जारी किया गया था।मणिपुर सरकार



ने शुक्रवार को कहा कि वे कुकी–जो समूहों द्वारा शनिवार को कांगपोकपी में आयोजित होने वाली सार्वजनिक रैली के दौरान राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा करने में शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति पर बिना किसी अपवाद के मुकदमा चलाएंगे। कुकी जनजाति की शीर्ष संस्था कुकी इनपी, कुकी छात्र संगठन सहित कई कुकी–जो निकायों ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री एन बीरेन का खुलासा करने वाले कथित लीक ऑडियो टेप को लेकर शनिवार को पूरे मणिपुर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन का आह्वान किया है। सिंह के जातीय संघर्ष में शामिल होने के साथ–साथ एक अलग प्रशासन की मांग भी कर रहे हैं। कुकी निकायों ने दावा किया है कि लीक हुआ ऑडियो टेप मणिपुर भर में कुकी के कब्जे वाले क्षेत्र पर जबरन कब्जे में मूल आदिवासी कुकियों के खिलाफ जातीय सफाई में एन बीरेन सिंह की भागीदारी के पर्याप्त सबूत प्रदान करता है। सरकार ने क्लिप को श्फर्जीश करार दिया था और कहा था कि इसे जातीय हिंसाग्रस्त राज्य में चल रही श्शांति प्रक्रियाश को बाधित करने के प्रयास में सोशल मीडिया पर जारी किया गया था। मई 2023 से मणिपुर बहुसंख्यक मैतेई समुदाय और आदिवासी कुकी के बीच जातीय झड़पों से हिल गया है, अन्य समुदाय भी लगातार जारी हिंसा की चपेट में आ रहे हैं। पिछले 10 महीनों में सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम 220 लोगों की जान चली गई है, और 50,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। आयुक्त (गृह) एन अशोक कुमार ने शुक्रवार को की गई एक सार्वजनिक अपील में राज्य भर के अधिकारियों को अप्रिय घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने का निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने आवश्यक निवारक और एहतियाती कदम उठाने के निर्देश जारी किए हैं।

## एक समय आएग जब... असम में नमाज ब्रेक को खत्म किए जाने पर भड़के फारूक अब्दुल्ला, कहा– सबका हो सम्मान

एजेंसी।

जम्मू कश्मीर अब्दुल्ला ने कहा कि यह देश विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। हमारे यहां हर धर्म और हर है, चाहे वह तमिलनाडु हो, कश्मीर हो, बंगाल हो या महाराष्ट्र, कोई भी राज्य, हर राज्य की एक अलग संस्कृति है और इसलिए भारत एक संघीय ढांचा है और हमें हर धर्म की रक्षा करनी है। असम विधानसभा में नमाज ब्रेक खत्म करने को लेकर सियासत जबरदस्त तरीके से तेज हो गई है। कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के नेताओं की ओर से सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि भाजपा हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार द्वारा किए गए निर्णय के साथ खड़ी हुई दिखाई दे रही है। इन सब के बीच नेशनल कांफ्रेंस के नेता और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला कई बयान सामने आया है। वह असम में हुए इस निर्णय से पूरी तरह नाराज हैं और सरकार से सभी



धर्मों का सम्मान करने की अपील कर रहे हैं।अब्दुल्ला ने कहा कि यह देश विविधता में एकता के लिए जाना जाता है। हमारे यहां हर धर्म और हर है, चाहे वह तमिलनाडु हो, कश्मीर हो, बंगाल हो या महाराष्ट्र, कोई भी राज्य, हर राज्य की एक अलग संस्कृति है और इसलिए भारत एक संघीय ढांचा है और हमें हर धर्म की रक्षा करनी है। उन्होंने आगे कहा कि जब समय आएगा, तो यह बदल जाएगा। कुछ भी स्थायी नहीं है। अच्छी चीजें फिर से प्रबल होंगी। उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर के लोगों को भी हर धर्म के लोगों का सम्मान करना चाहिए और उनकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हमें हर धर्म के लोगों का ख्याल रखना होगा। जब उनके प्रति हमारा दृष्टिकोण अच्छा होगा, तो पूरे देश में अच्छा होगा।" प्रतिबंधित संगठन जमात–ए–इस्लामी के बारे में नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी को पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती द्वारा "अफसोसजनक" बताए के बारे में पूछे जाने पर नेकां प्रमुख ने कहा एक–दूसरे पर उंगली उठाने से कुछ भी हासिल नहीं होगा। उमर ने हाल ही में कहा था कि प्रतिबंधित संगठन जमात–ए–इस्लामी (जेईआई) कभी चुनावों को 'हराम' मानता था, लेकिन अब उनके लिये यह 'हलाल' हो गया है। अब्दुल्ला ने कहा, "मैं उनके बारे में कुछ नहीं कहूंगा। भगवान उन्हें आशीर्वाद दें। वह अपना रास्ता खुद चुनें लेकिन देश की रक्षा के बारे में सोचें। एक–दूसरे पर उंगली उठाने से कुछ हासिल नहीं होगा। उन्हें इस रास्ते से दूर रहना चाहिए।"

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह पर हमले की कोशिश, हिरासत में लिया गया आरोपी, बीजेपी नेता बोले- दाढ़ी बढ़ाने से कोई...

एजेंसी।

नई दिल्ली पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। इस घटना पर गिरिराज ने कहा कि मैं ऐसी घटनाओं से डरने वाला नहीं हूं। लेकिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव जैसे लोग वोट के लिए इस आदमी के समर्थन में



खड़े होंगे क्योंकि इसकी दाढ़ी है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री और सांसद गिरिराज सिंह पर हमले की कोशिश की गई है। दरअसल, बेगुसराय के बलिया प्रखंड में जनता दरबार के दौरान गिरिराज सिंह लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान सफेद टोपी पहने एक शख्स वहां पहुंचा, पहले उसने माइक संभाला और कुछ अनाप–शनाप बोला। इसके बाद वहां मौजूद बीजेपी नेताओं ने विरोध किया। हालांकि, इसका उसपर कोई असर नहीं हुआ। वह गिरिराज सिंह के और पास गया तथा उन्हें मुक्का मारने की कोशिश की। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। युवक की पहचान मो सैफी के रूप में हुई है। वह वार्ड पार्षद भी बताया जाता है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। इस घटना पर गिरिराज ने कहा कि मैं ऐसी घटनाओं से डरने वाला नहीं हूं। लेकिन राहुल गांधी और अखिलेश यादव जैसे लोग वोट के लिए इस आदमी के समर्थन में खड़े होंगे क्योंकि इसकी दाढ़ी है। घटना बलिया प्रखंड की है। उन्होंने सीधो–सीधे आरोप लगाया कि दाढ़ी बढ़ाने से कोई मुल्ला नहीं बन जाता और जिस तरह से मुस्लिम युवक द्वारा उन्हें डराने धमकाने का काम किया जा रहा है वह इससे डरने वाले नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को असम विधानसभा में ष्शुक्रवार नमाज अवकाशष को समाप्त करने का स्वागत किया, जहां यह ब्रिटिश काल से लागू था। बिहार के अपने लोकसभा क्षेत्र बेगुसराय जिले में पत्रकारों से बात करते हुए, सिंह ने भाजपा शासित पूर्वोत्तर राज्य में इस कदम पर आपत्ति जताने के लिए इंडिया ब्लॉक के नेताओं की भी आलोचना की। सिंह ने कहा, ष्मैं यह कदम उठाने के लिए असम में विधानसभा अध्यक्ष और राज्य सरकार को धन्यवाद देता हूं। कानून में एकरूपता होना जरूरी है और किसी भी धार्मिक समुदाय को कोई तरजीह नहीं दी जानी चाहिए।

## हरियाणा चुनाव के तारीख में हुआ बदलाव, अब 5 अक्टूबर को डाले जाएंगे वोट

एजेंसी।

हरियाणा चुनाव आयोग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि सदियों पुराने आसोज अमावस्या उत्सव समारोह में भाग लेने के लिए हरियाणा के बिश्नोई समुदाय के लोगों के राजस्थान में बड़े पैमाने पर आंदोलन के संबंध में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, राज्य राजनीतिक दल और अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।भारत के चुनाव आयोग (म्ब्) ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए मतदान की तारीख में बदलाव की घोषणा की है। इसे 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर को स्थानांतरित कर दिया है। इसके बाद, जम्मू–कश्मीर और हरियाणा दोनों विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना का दिन 4 अक्टूबर से बढ़ाकर 8 अक्टूबर कर दिया गया है। ईसीआई ने कहा कि यह निर्णय बिश्नोई समुदाय के मतदान अधिकारों और परंपराओं दोनों का सम्मान करने के लिए लिया गया है, जिन्होंने अपने गुरु जंभेश्वर की याद में आसोज अमावस्या उत्सव में भाग लेने की सदियों पुरानी प्रथा को बरकरार रखा है।अतीत में, आयोग ने विभिन्न समुदायों की भावनाओं का सम्मान करने के लिए चुनाव की तारीखों को भी समायोजित किया है। उदाहरण के लिए, 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव के दौरान, आयोग ने गुरु रविदास जयंती के लिए वाराणसी जाने वाले भक्तों को समायोजित करने के लिए चुनाव को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया था। इसी तरह, मणिपुर में 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान, आयोग ने ईसाई समुदाय की रविवार



की प्रार्थना का सम्मान करने के लिए मतदान की तारीखें बदल दीं। इसी तरह, 2023 के राजस्थान विधानसभा चुनावों में, आयोग ने मूल रूप से देवउठनी एकादशी पर होने वाले मतदान को पुनर्निर्धारित किया, जो राजस्थान में सामूहिक विवाह के लिए महत्वपूर्ण दिन है। यूपी विधानसभा चुनाव 2012 में बारावफात के कारण मतदान की तारीख बदल दी गई थी। संयोग से, संशोधित मतदान दिवस 30 सितंबर, 2024 को एक दिन की छुट्टी लेकर छह दिन की छुट्टी की किसी भी चिंता का समाधान भी करेगा। कांग्रेस नेता भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि यह चुनाव आयोग का अधिकार है, उन्होंने तारीख आगे बढ़ाई है। उन्होंने (बीजेपी) पहले ही हरियाणा में हार स्वीकार कर ली है। जब हरियाणा सरकार ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा था, तो मैंने उस समय कहा था कि बीजेपी ने हार मान ली है।

## सेवानिवृत्त अवर अभियंता को एन्टी करप्शन टीम ने किया गिरफ्तार, फर्जी तरीके से नौकरी करने का आरोप

लखनऊ

नगर पालिका परिषद से सेवानिवृत्त अवर अभियंता को शनिवार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर फर्जी तरीके से नौकरी करने का आरोप है।नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में पूर्व में अवर अभियंता के पद पर तैनात चन्द्र भान सिंह को एन्टी



करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया है। उन पर शासन को गुमराह करके फर्जी तरीके से नौकरी करने का आरोप लगाया गया था।भाजपा नेता अंबरीश गुप्ता, रमेश चन्द्र वर्मा, पंकज वर्मा, अमरेंद्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, निदेशक स्थानीय निकाय, जिलाधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष को पत्र भेज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की थी। जिसके बाद शनिवार को टीम ने कार्यवाही की है। टीम ने सेवानिवृत्त अवर अभियंता चंद्र भान सिंह को इनके कम्प्लेक्स से गिरफ्तार किया है।

## हत्या के मामले में अंतिम सुनवाई के दिन हमले में जख्मी युवक की लखनऊ में मौत, पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

संवाददाता।

लखनऊ अमेठी जिले के बेनीपुर गांव में हत्या के मामले में अंतिम सुनवाई के दिन हुए हमले में घायल हुए एक युवक की लखनऊ में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हत्या के मामले की अंतिम सुनवाई के दिन शुक्रवार को अमेठी इलाके के बेनीपुर गांव में आरोपी पक्ष के हमले में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। घायलों में एक महिला का इलाज रायबरेली व अन्य लोगों का लखनऊ में चल रहा था। लखनऊ में देर रात एक घायल की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले में अग्रिम कार्रवाई शुरू की है।अमेठी कोतवाली क्षेत्र के बेनीपुर गांव में शुक्रवार की सुबह गांव के ही रहने वाले हिस्ट्रीशीटर अपराधी हकीमुद्दीन उर्फ बच्चा समेत करीब एक दर्जन से अधिक परिजनों ने कमाल खान, सायरा बानो मकसूद राना, महमूद राना पर धारदार हथियार से घर में घुसकर हमला कर दिया था। हमले में कमाल खान और उनके दो बेटों मकसूद राना और महमूद राना को गंभीर चोटें आई थीं।इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घायलों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया था। जहां देर रात इलाज के दौरान बीस वर्षीय मकसूद राना की मौत हो गई। शनिवार की सुबह करीब 10 बजे मृतक का शव अमेठी जिला अस्पताल लाया गया। यहां से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घायल कमाल खान और महमूद राना का अभी लखनऊ में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। एसएचओ अमर सिंह ने बताया कि बेनीपुर में कल हुए झगड़े में घायल एक युवक की मौत हो गई है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## शाह ने अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में जमीनी हालात का जायजा लिया

एजेंसी।

गुजरात शुक्रवार को मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने के साथ ही शाह ने अहमदाबाद और गांधीनगर दोनों जिलों के कलेक्टर और नगर निगम आयुक्तों से फोन पर चर्चा की।"

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में हाल में भारी बारिश के बाद शुक्रवार को अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र के जमीनी हालात का जायजा और प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए।

अहमदाबाद के कई हिस्से, जो शाह की गांधीनगर लोकसभा सीट के अंतर्गत आते हैं, इस सप्ताह की शुरुआत में भारी बारिश के बाद घुटनों तक पानी में डूब गए थे। भाजपा की एक विज्ञप्ति के अनुसार, "मौजूदा हालात का जायजा लेते हुए शाह ने सामान्य जन–जीवन बहाल करने, बीमारियों की रोकथाम करने और नागरिकों के सामने आ रही समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

शुक्रवार को मानसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने के साथ ही शाह ने अहमदाबाद और गांधीनगर दोनों जिलों के कलेक्टर और नगर निगम आयुक्तों से फोन पर चर्चा की।

"विज्ञप्ति के अनुसार, "उन्होंने अधिकारियों से मौजूदा स्थिति की जानकारी ली और उन्हें बारिश के पानी की निकासी में तेजी लाने तथा सड़कों और नालों की सफाई युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए, ताकि सामान्य जन–जीवन बहाल हो सके। सफाई के अलावा शाह ने अधिकारियों से बारिश के बाद बीमारियों को फैलने से रोकने के लिए तुरंत फॉगिंग और कीटनाशकों का छिड़काव शुरू करने को भी कहा।

# प्रधानमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

## देश में वंदे भारत ट्रेनों के आधुनिकीकरण और विस्तार के साथ राष्ट्र विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है"

## "विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है"

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करते हुए अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस तीन मार्गोंरू मेरठ–लखनऊ, मदुरै–बेंगलुरु और चेन्नई–नागरकोइल पर कनेक्टिविटी में सुधार करेगी। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी।

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मदुरै–बेंगलुरु, चेन्नई–नागरकोइल और मेरठ–लखनऊ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जा रहा है, जिससे उत्तर से दक्षिण तक भारत की विकास यात्रा में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि देश में वंदे भारत ट्रेनों के आधुनिकीकरण और विस्तार के साथ राष्ट्र विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने आज हरी झंडी दिखाकर रवाना की जा रही तीन नई वंदे भारत ट्रेनों को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि इनसे देश के महत्वपूर्ण शहरों के साथ–साथ ऐतिहासिक कस्बों को भी संपर्क सुविधा मिली है। मंदिरों का शहर मदुरै अब आईटी सिटी बेंगलुरु से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इससे न केवल संपर्क आसान होगा, बल्कि तीर्थयात्रियों के लिए भी खासकर सप्ताहांत या त्योहारों के दौरान यह बहुत फायदेमंद होगा। चेन्नई–नागरकोइल मार्ग से छात्रों, किसानों और आईटी पेशेवरों को बहुत लाभ होगा। श्री मोदी ने वंदे भारत ट्रेनों से जुड़े स्थानों पर पर्यटन के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि यह क्षेत्र में व्यवसायों और रोजगार के अवसरों के विकास का प्रतीक है। उन्होंने तीन नई वंदे भारत ट्रेनों के लिए नागरिकों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए दक्षिण के राज्यों का तेज विकास बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा, ष्दक्षिण भारत में अपार प्रतिभा है, अपार संसाधन और अवसर हैं।ष उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के साथ–साथ पूरे दक्षिण भारत का विकास सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रेलवे की विकास यात्रा सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने बताया कि इस साल तमिलनाडु के रेल बजट के लिए 6000 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो 2014 की तुलना में 7 गुना ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बाद तमिलनाडु में वंदे भारत ट्रेनों की कुल संख्या 8 हो जाएगी। इसी तरह, इस साल के बजट में कर्नाटक के लिए 7000 करोड़ रुपये से अधिक का बजट आवंटित किया गया है, जो 2014 की तुलना में 9 गुना ज्यादा है। उन्होंने कहा कि आज कर्नाटक को 8 वंदे भारत ट्रेनें जोड़ रही हैं।

प्रधानमंत्री ने पिछले बजटों से तुलना करते हुए कहा कि कई इनमें कई गुना बढ़ोतरी ने तमिलनाडु और कर्नाटक सहित दक्षिण भारत के राज्यों में रेल यातायात को और मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक में सुधार किया जा रहा है, रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया जा रहा है और रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे लोगों के जीवन में आसानी बढ़ी है और व्यापार करने में भी सुगमता हुई है।

श्री मोदी ने मेरठ–लखनऊ रूट पर नई वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत पर प्रकाश डालते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्रांति की धरती मेरठ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश का क्षेत्र आज विकास की नई क्रांति का गवाह बन रहा है। प्रधानमंत्री ने लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आरआरटीएस ने जहां मेरठ को राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने में मदद की है, वहीं अब वंदे भारत की शुरुआत से राज्य की राजधानी लखनऊ की दूरी भी कम हो गई है। श्री मोदी ने कहा, "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) इस बात का उदाहरण बन रहा है कि कैसे पीएम गतिशक्ति का विजन आधुनिक ट्रेनों, एक्सप्रेसवे के नेटवर्क और हवाई सेवाओं के विस्तार के साथ देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को बदल सकता है।"

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, "वंदे भारत आधुनिक होती भारतीय रेलवे का नया चेहरा है।" उन्होंने हर शहर और हर मार्ग पर वंदे भारत की मांग को लेकर कहा कि हाई–स्पीड ट्रेनों के आगमन से लोगों में अपने व्यवसाय और रोजगार के साथ–साथ अपने सपनों को भी विस्तार देने का विश्वास पैदा हुआ है। उन्होंने बताया, ष्आज देशभर में 102 वंदे भारत रेल सेवाएं संचालित की जा रही हैं और इन ट्रेनों में अब तक 3 करोड़ से अधिक लोग यात्रा कर चुके हैं।ष उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ये संख्या न केवल वंदे भारत ट्रेनों की सफलता का प्रमाण है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं और सपनों का भी प्रतीक है।

प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि आधुनिक रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित भारत के विजन का एक मजबूत स्तंभ है। प्रधानमंत्री ने इस क्षेत्र में तेजी से प्रगति के बारे में चर्चा करते हुए रेल लाइनों के दोहरीकरण और विद्युतीकरण, नई ट्रेनों के संचालन और नए मार्गों के निर्माण के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस साल के बजट में रेलवे को 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए गए हैं और सरकार भारतीय रेलवे को इसकी पुरानी छवि को बदलने के लिए उच्च तकनीक सेवाओं से जोड़ रही है। विस्तार योजनाओं के बारे में अपने संबोधन में, प्रधानमंत्री ने कहा कि वंदे भारत के साथ–साथ अमृत भारत ट्रेनों का भी विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए नमो भारत ट्रेनें चलाने और शहरों में यातायात की समस्याओं से निपटने के लिए जल्द ही वंदे मेट्रो शुरू करने की बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय शहरों की पहचान हमेशा से उनके रेलवे स्टेशनों से रही है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना से रेलवे स्टेशनों में सुधार हो रहा है और शहरों को नई पहचान मिल रही है। श्री मोदी ने कहा, ष्देश में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का नवीनीकरण किया जा रहा है, जिनमें से कुछ को हवाई अड्डों की तरह बनाया जा रहा है।ष उन्होंने कहा कि इसके अलावा, छोटे से छोटे स्टेशनों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है, जिससे यात्रा की सुगमता बढ़ेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, ष्जब रेलवे, सड़क और जलमार्ग जैसे कनेक्टिविटी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाता है, तो देश मजबूत होता है।ष उन्होंने कहा कि इससे देश के आम नागरिकों को लाभ होता है, चाहे वे गरीब हों या मध्यम वर्ग। उन्होंने कहा कि आज देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास के साथ गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने रोजगार के अवसरों में वृद्धि और इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के साथ गांवों तक पहुंचने वाले नए अवसरों का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गांवों में नई संभावनाओं के आगमन का श्रेय सस्ते डेटा और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी दिया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "जब रिकॉर्ड संख्या में अस्पताल, शौचालय और पक्के घर बनते हैं, तो देश के विकास का लाभ गरीब से गरीब व्यक्ति को भी मिलता है। जब कॉलेज, विश्वविद्यालय और उद्योग जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होता है, तो इससे युवाओं की प्रगति की संभावना भी बढ़ती है।" उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे अनेक प्रयासों के कारण पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ पाए हैं।

प्रधानमंत्री ने संबोधन का समापन करते हुए कहा कि रेलवे ने वर्षों से दशकों पुरानी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगाने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने यह स्वीकार करते हुए कहा कि भारत को इस दिशा में अभी लंबा सफर तय करना है और उन्होंने तब तक नहीं रुकने का संकल्प लिया, जब तक भारतीय रेलवे सभी के लिए आरामदायक यात्रा की गारंटी नहीं दे देता, चाहे वह गरीब हो या मध्यम वर्ग। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि देश में इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास गरीबी को समाप्त करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। श्री मोदी ने अंत में कहा, "मैं एक बार फिर तमिलनाडु, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के लोगों को तीन नई वंदे भारत ट्रेनों के लिए बधाई देता हूं।"

इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल, तमिलनाडु के राज्यपाल श्री आर एन रवि और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य लोग वर्चुअली उपस्थित थे।

पृष्ठभूमि

मेरठ सिटी–लखनऊ वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को दोनों शहरों के बीच मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में लगभग 1 घंटे की बचत करने में मदद करेगी। इसी तरह, चेन्नई एग्मोर–नागरकोइल वंदे भारत और मदुरै–बेंगलुरु वंदे भारत ट्रेनें क्रमशः 2 घंटे से अधिक और लगभग 1 घंटा 30 मिनट की बचत करते हुए यात्रा को पूरा करेंगी।

ये नई वंदे भारत ट्रेनें क्षेत्र के लोगों को गति और आराम के साथ यात्रा करने के लिए विश्व स्तरीय साधन प्रदान करेंगी और तीन राज्यों – उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक को सेवाएं प्रदान करेंगी। इन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत

नियमित यात्रियों, पेशेवरों, व्यापारियों और छात्र समुदायों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रेल सेवा के एक नए मानक की शुरुआत करेगी।

# विमुक्त जातियों को मिलेगा उनका पूरा अधिकार– असीम अरुण

लखनऊ(आरएनएस ) देश के स्वतंत्रता आंदोलन में विमुक्त एवं घुमंतु जातियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। 1857 की क्रांति में घर–घर कमल और रोटी पहुंचकर क्रांति की पृष्ठभूमि को तैयार करने में इन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इनके रण कौशल ने अंग्रेज हुकूमत को जमकर छकाया। ये बातें समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 73वें विमुक्त जाति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं। इस मौके पर नरेंद्र कश्यप, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री अरूण ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार विमुक्त एवं घुमंतु जातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इनको विकास की मुख्यधारा में जोड़ने तथा इनके चौमुखी विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। राज्य सरकार इनको बुनियादी सुविधाएं जैसे आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली एवं पानी आदि उपलब्ध करा रही है।वर्तमान समय में इस समुदाय के छात्रों को शिक्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रोत्साहित कर रही है। इनके लिए आवासीय और गैर आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ कौशल विकास के मध्यम से रोजगारपरक संसाधनों से भी जोड़ा जा रहा है। इसके अतिरिक्त बच्चों को छात्रवृत्ति के साथ किताब, कॉपी, ड्रेस आदि भी सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि सरकार विमुक्त जातियों के लिए लगातार कार्य कर रही है। देश की आजादी को लेकर इस समुदाय ने ज्वाला जलाने का काम किया। इनके कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित हो रही हैं और आवश्यकता अनुसार अन्य सुविधाएं भी केंद्र व राज्य सरकार दे रही है। नरेन्द्र कश्यप ने आश्वस्त किया कि केन्द्र और राज्य सरकार विमुक्त समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कटिबद्ध है।इस मौके पर श्री संजीव कुमार गोंड, राज्य मंत्री, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ0 हरिओम, निदेशक श्री कुमार प्रशांत कार्यक्रम के संयोजक रावेंद्र कुमार, सह संयोजक दीपक सहित भारी संख्या में प्रदेश भर से आए विमुक्त एवं घुमंतु समाज के नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।उत्कृष्ठ योगदान देने वाले 15 लोगों को किया सम्मानितकार्यक्रम में विमुक्त समुदाय से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले 15 लोगों सम्मानित किया गया। इसमें दो खिलाड़ी, तीन विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित और 10 शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले शामिल हैं।सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहाविमुक्त समुदाय से जुड़े कलाकारों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर कालबेलिया नृत्य, लोकगीत आदि का कलाकारों ने प्रदर्शन किया।

# देश की सबसे बड़ी पुलिस परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने हम सफल हुए पुलिस महानिदेशक

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश की पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के आखिरी दिन पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार तेलीबाग के रामलाल मैकू इंटर कॉलेज पहुंचे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि देश और विश्व की सबसे बड़ी पुलिस की परीक्षा है, जिसको सकुशल संपन्न कराने में हम लोग सफल हुए हैं।डीजीपी ने कहा कि जैसा की सरकार का संकल्प है कि कोई भी भर्ती सुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हो और सिर्फ मेधावी छात्र ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बाद विभिन्न नौकरियों में लिए जाएं।जिससे कि जनता की सेवा अधिक से अधिक की जा सकें। आपने कल खुद ही देखा होगा कि कितना बड़ा कार्यक्रम, कितना बड़ा इन्वेस्टमेंट विभिन्न देश और विदेश की कंपनियों द्वारा किया गया है।इसके पीछे सरकार की जो पॉलिसी है तथा बेहतर कानून व्यवस्था का जो एक मॉडल दिया गया है उसी के तहत यह कार्रवाई हो रही है।उसी क्रम में जो बच्चे अभी पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आ रहे हैं।वो जनता की, समाज और विभाग की सेवा अगले 40 साल तक करेंगे। अभी की भर्ती 60 हजार से कुछ अधिक की है। आने वाले एक साल में हम कुल एक लाख लोग विभाग में लेंगें। ट्रेनिंग अगर हम पूरा कर ले तो अगले डेढ़ से दो साल के भीतर हम एक से अधिक मेधावी कॉस्टेबली हमारे पास उपलब्ध रहेगी, जो लम्बे समय तक देश की सेवा करेगी।एक अन्तर विभागीय समन्वय के साथ बेहतर व्यवस्था का परिणाम है कि भर्ती में उत्तर प्रदेश का मॉडल आज देश के सामने है। सभी लोग संतुष्ट हैं, यह टीम वर्क का प्रतिफल है जो इस तरह के परिणाम आ रहे हैं।नकल माफियाओं पर नकेल कसने के लिए एसटीएफ और सिविल पुलिस की टीम लगातार काम कर रही है। एक टीम भावना के साथ हर विभाग के लोगों ने साथ देकर यह कम किया है जो फलस्वरूप अच्छे परिणाम दिख रहे हैं।

# राजकीय आईटीआई अलीगंज में रोजगार मेले का आयोजन, 360 अभ्यर्थियों को मिला जाब आफर

लखनऊ(आरएनएस ) राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में आज एक विशेष शिशिक्षु,रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन राजकीय आईटीआई, अलीगंज और क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षार्थियों और अन्य शैक्षिक योग्यताधारी अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने मेले का उद्घाटन करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस संस्थान में रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने रोजगार मेले के सफल आयोजन के लिए समर्पित प्रयासों की सराहना की और युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रतिबद्धता जताई। हरीश मिश्रा, उपप्रधानाचार्य ने मेले का निरीक्षण किया और विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने कंपनियों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक प्रशिक्षार्थियों को रोजगार के अवसर प्रदान करें, जिससे युवाओं के भविष्य को संवारने में मदद मिले।ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खाँ ने जानकारी दी कि इस रोजगार मेले में 27 कंपनियों ने हिस्सा लिया और 360 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर दिए गए। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 4 सितंबर 2024 को राजकीय आईटीआई, अलीगंज में हीरो मोटर्स लिमिटेड, अलवर, राजस्थान द्वारा कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्पस ड्राइव में भाग लेकर अभ्यर्थी रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में निर्भय कुमार सिंह, कार्यदेशक, जेड रहमान, सहायक प्लेसमेंट अधिकारी, और मकबूल कादिर, सहायक शिक्षुता परामर्शदाता (कनिष्ठ) का विशेष योगदान रहा। उनकी समर्पित मेहनत और सहयोग से यह रोजगार मेला सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# राजधानी लखनऊ सहित बिजली इंजीनियरों ने प्रदेश में समस्त जनपदों में की विरोध सभाएं

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा मार्च 2023 में ऊर्जा मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के विपरीत मुख्य अभियंता को रिटायरमेंट के एक दिन पहले पदावनत कर वृहद दंड देने के विरोध में शनिवार को राजधानी लखनऊ सहित बिजली इंजीनियरों ने प्रदेश में समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर कार्यालय समय के उपरान्त शांतिपूर्वक तरीके से विरोध सभा कर अपना आक्रोश जाहिर किया।लखनऊ में हुई सभा में प्रस्ताव पारित किया गया की न्याय पाने तक लोकतांत्रिक ढंग से यह संघर्ष जारी रखा जाए और इस दंड के विरोध में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा से विद्युत अभियंता संघ का प्रतिनिधिमंडल जल्द से जल्द मिलकर उन्हें न्याय करने केलिए ज्ञापन दें। जानकारी के मुताबिक 19 मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री द्वारा ऊर्जा निगमों के अध्यक्ष को दिए गए स्पष्ट निर्देश कि आंदोलन के फलस्वरूप की गई समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस ली जाए, के सर्वथा विपरीत कल 30 अगस्त 2024 को 18 महीने बाद मुख्य अभियंता इंजीनियर ए एन सिंह को पदावनत कर अधीक्षण अभियन्ता बना दिया गया है। यह ऊर्जा मंत्री के निर्देशों का सरासर उल्लंघन है और इससे अभियंताओं में भारी आक्रोश की स्थिति है।राजधानी लखनऊ में विरोध सभा शक्ति भवन मुख्यालय पर हुई जिसमे बड़ी संख्या में अभियंताओं ने हिस्सा लिया।

# एलडीए ने गोमतीनगर के विपुल खण्ड में एक अवैध निर्माण सील किया

लखनऊ(आरएनएस ) विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को प्रवर्तन जोन–1 की टीम ने गोमतीनगर के विपुल खण्ड में एक अवैध निर्माण को सील किया। प्रवर्तन जोन–1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि सुषमा सत्संगी व अन्य द्वारा गोमतीनगर के विपुल खण्ड में भूखण्ड संख्या–बी–1427 पर प्राधिकरण से स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सेट बैक को कवर्ड करते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए परिसर को पूर्व में सील कराया गया था। वर्तमान में विपक्षी द्वारा स्थल पर चोरी–छुपे निर्माणधफिनिशिंग का कार्य करते हुए बिल्डिंग को अध्यासित करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर निर्माण कार्य को पुनः सील करने के आदेश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता संजय भाटी व आशीष श्रीवास्तव द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से बिल्डिंग को सील कर दिया गया।

# सीएचओ पर हो रहे शोषण के विरोध में पूरे कैडर द्वारा अनिश्चित कालीन धरना चौथे दिन भी जारी

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सीएचओ पर हो रहे शोषण के विरोध में पूरे कैडर द्वारा अनिश्चित कालीन धरना चौथे दिन भी जारी। जिसमें शनिवार को एक महिला साथी की तबियत अचानक खराब हो गई। हालांकि आनन–फानन में उसे उसके लोकबंधु अस्पताल ले गए। वहीं धरना दे रहे लोगों का कहना है कि यदि प्रमुख सचिव को होश नहीं आए तो, और किसी सीएचओ साथी के साथ धरना प्रदर्शन में कुछ अप्रिय होता है तो आप जिम्मेदारी होंगी। उनका रवैया सीएचओ साथी के साथ अच्छा नहीं हैहालांकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत सभी सीएचओ अब इको मैदान में अनिश्चितकालीन धरने पर हैं, और 28 तारीख को अनिश्चित कालीन धरने का आगाज कर चुके हैं। उन्होंने बताया मिशन निदेशक द्वारा एसोशिएशन के सात पदाधिकारियों पर एफआईआर कर दी गई है, सभी सीएचओ पर दबाव बनाने और डराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के समस्त सीएचओ की मांगें जब तक पूरी नहीं की जायेंगी तब तक सीएचओ इको गार्डन नहीं छोड़ेंगे। और यदि सीएचओ पर कोई भी कार्यवाही की जाती है एवं नियमितिकरण एवं अन्य चार मांगें नहीं मानी जाती हैं तो पूरे भारत के संपूर्ण सीएचओ एवं समस्त एनएचएम कर्मी धरने पर दिल्ली के लिए कूच करने पर विवश होंगे।प्रदर्शन कारियों ने बताया समस्याओं का कोई समाधान न निकलने के कारण इस धरने को इको गार्डन लखनऊ में अनिश्चितकालीन के लिए बढ़ा दिया ।

# पाली नगर पंचायत का हिटलर शाही रवैया खंड शिक्षा अधिकारी के कहने के बाद भी नहीं की गई विद्यालय की साफ सफाई

पाली, हरदोई(आरएनएस )। शासन प्रशासन द्वारा संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए अभियान चलाया जा रहा है और साफ सफाई रखने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत पाली के कर्मचारी और अधिकारी संचारी रोगों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। कस्बे के बाजार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, प्रधानाध्यापक और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी को सूचित करने के बावजूद कूड़ा नहीं उठाया गया है। विद्यालय में पढ़ने आने वाले नौनिहालों के संचारी रोगों से ग्रसित होने की आशंका बनी हुई है।पाली कस्बे के मोहल्ला बाजार स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक करुणकांत मिश्रा ने शनिवार को बताया कि उनके विद्यालय से काफी दिनों से नगर पंचायत के सफाई कर्मियों ने कूड़ा नहीं उठाया गया है, जिसके चलते विद्यालय परिसर में कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं, उन्होंने कूडा हटवाने के लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जयप्रकाश सिंह यादव से कहा पर कूड़ा नहीं हटाया गया, खंड शिक्षा अधिकारी भरखनी को उन्होंने सूचित किया तो खंड शिक्षा अधिकारी ने भी अधिशासी अधिकारी को इस संबंध में फोन किया लेकिन ईओ के कान पर जूं तक नहीं रेंगी और कूड़ा विद्यालय परिसर में पड़ा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि जगह–जगह पर कूड़े के ढेर लगे होने से विद्यालय में अध्यनरत बच्चों के संचारी रोगों से ग्रसित होने का खतरा है। उन्होंने मांग की है कि नगर पंचायत द्वारा विद्यालय परिसर से जल्द से जल्द कूड़ा हटवाया जाए।

# औषधि विभाग द्वारा की गयी कार्यवाही

हरदोई(आरएनएस )।सहायक आयुक्त (औषधि) लखनऊ मण्डल बृजेश कुमार, एवं औषधि निरीक्षक स्वागतिका घोष के साथ संयुक्त रूप से फर्म मेसर्स मोहन मेडिकल स्टोर प्रोपराइटर– विश्व मोहन पुत्र ओम प्रकाश लोधी निवासी–वेझा चौराहा, शाहाबाद पर छापे की कार्यवाही की गयी थी।छापे के दौरान उक्त दुकान बन्द पायी गयी थी। मौके पर फर्म पर नोटिस चस्पा करते हुए थाना शाहाबाद, को फर्म की निगरानी हेतु पत्र प्राप्त कराया गया था। छापे के दौरान फर्म की प्रोपराइटर विश्व मोहन पुत्र ओम प्रकाश निवासी–ग्राम सोहरा, शाहाबाद देहात को बुलाया गया, जो मौके पर उपस्थित हुए। मौके पर उक्त प्रतिष्ठान से सम्बन्धित अभिलेख मांगा गया उनके द्वारा कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया। फर्म प्रोपराइटर द्वारा अपनी दुकान को खोला गया खुलने के दौरान भारी मात्रा में औषधियां प्रदर्शित एवं भण्डारित पायी गयी जिसका मौके पर क्रय–विक्रय विल प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके क्रम में अवैध औषधियों को जिसकी अनुमानित मूल्य लगभग 70,000 – (रूपया सत्तर हजार) को सीज किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान 02 संदिग्धा औषधियों एलोपैथिक के नमूने जांचधविश्लेषण हेतु एकत्र किये गये। अभ्युक्त विश्व मोहन पुत्र ओम प्रकाश के विरूद्ध माननीय सक्षम न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया जायेगा।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

हरदोई(आरएनएस )।जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन मिलाप स्थल का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। उन्होंने वह स्थान भी देखा जहाँ जेल में कृष्ण जन्मआष्टमी की झांकी सजाई गयी थी।

# जदयू नेता नेता श्रवण कुमार का आगमन कल

लखनऊ(आरएनएस )। जनता दल यूनाइटेड के लोकप्रिय नेता ,बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड उत्तर पार्टी के संगठन प्रभारी श्रवण कुमार का आगमन एक सितंबर दिन रविवार को लखनऊ में हो रहा है। मंत्री पार्टी के प्रदेश कार्यालय (38 डी मेजर बैंक्स रोड, विधानसभा गेट नंबर 6 के सामने) लखनऊ में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल भी रहेंगे।मंत्री पार्टी के प्रदेश संगठन की समीक्षा के साथ ही साथ प्रदेश में संगठन को मजबूत एवं सक्रिय करने केलिए पार्टी कार्यकर्ताओं को अपना बहुमूल्य सुझाव तथा आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इस बैठक में भाग लेने के लिए पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के प्रमुख पदाधिकारियों सहित सभी नये पुराने सम्मानित नेतागणों एवं कार्यकर्ताओं को रविवार को सुबह ग्यारह बजे पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर उपस्थित रहकर मंत्री के सुझावों से अवगत होने के लिये और पार्टी संगठन विस्तार के संबंध में विचार विमर्श एवं सुझाव देने केलिए आमंत्रित किया गया है।

# अब मोटरसाइकिल व पंद्रह हजार रुपये की मासिक आय वालों को भी सरकार देगी छत, बशर्तें उनके पास ना हो पक्का मकान।

I oknnkrkA

सुल्तानपुर–अब ग्रामीण क्षेत्र में बाइक होने यानी मोटरसाइकिल होने पर भी आप को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सकता है। मतलब यह है कि मोटरसाइकिल व 15,000 रुपये की मासिक आय वालों को भी अब सरकार छत देगी, बशर्ते उनके पास पक्का मकान न हो।शासन के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग ने सर्वे की तैयारी शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी परियोजना निदेशक अशोक सिंह ने एक भेंटवार्ता के दौरान के.डी न्यूज को दी। आगे जानकारी देते हुए श्री सिंह ने बताया कि यदि आपकी मासिक आय 15000 रुपये तक है तो आप ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पा सकेंगे पंद्रह हजार से ऊपर वालों को इस लाभ से वंचित होना पड़ेगा। परियोजना निदेशक ने आगे बताया कि सरकार ने नई पात्रता शर्तों की सूची जारी की है। सर्वे का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। सरकार ने लाभार्थियों के लिए पात्रता की नियम–शर्तों की नई सूची जारी की है, जिसमें आय की दर में इजाफा किया गया है। कौन पात्र और कौन अपात्र हो सकता है



इसको लेकर परियोजना निदेशक ने बताया कि सरकार ने पूर्व के अपात्रता के 21 मानकों में 11 को हटाते हुए सिर्फ 10 अपात्रता के मानकों को रखा है। विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में 10 बिंदुओं की जो पात्रता सूची जारी की है वह पहला है लाभार्थी आयकर दाता न हो। दूसरा व्यावसायिक करदाता न हो,तीसरासिंचाई वाली जमीन 2.5 एकड़ से अधिक न हो,चौथा गैर सिंचाई वाली जमीन 5 एकड़ से अधिक न हो,पांचवा परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में न हो, ।छठा परिवार के किसी सदस्य का सरकार से कोई फर्म पंजीकृत न हो, । सातवां है 15000 से अधिक मासिक आय परिवार के किसी सदस्य का न हो, । आठवां में तीन पहिया या चार पहिया वाहन न हो, । नौवा कृषि यंत्र में तीन पहिया और चार पहिया न हो और दसवां में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 50000 से अधिक न हो इन दस बिंदुओं को ध्यान में रख कर पात्र व्यक्तियों का चयन होना सुनिश्चित किया जा रहा है। बातचीत के अंत मे ग्राम्य विकास के परियोजना निदेशक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि जिलों में आवास की आ रही मांग व काफी संख्या में पात्रों के वंचित होने की सूचना पर केंद्र सरकार ने दोबारा सर्वे कराने का निर्देश दिया है।सर्वे की सूची का सत्यापन जिला स्तरीय अधिकारियों से कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विकास खंडों में एक जिला स्तरीय अधिकारी को लगाया जाएगा।

# लूट का खुलासा न होने पर सड़कों पर उतरा कांग्रेसियों का हुजूम

## 2 दिन के भीतर करें लूट का खुलासा अन्यथा शहर होगा बंद अभिषेक सिंह राणा

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जनपद में ध्वस्त लॉ एंड ऑर्डर को लेकर शनिवार को कांग्रेसी सड़क पर उतर गए और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी सड़क पर उतर गए और जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से हाथो में तखष्तियाँ लिए पैदल मार्च करते हुए लाल डिग्गी चौराहा, शाहगंज, होते हुए चौक पहुंचे, जहां व्यापारियों से ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ इस लड़ाई में समर्थन माँगा, उसके बाद कांग्रेसी गोलाघाट होते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे, जहां पुलिस प्रशासन के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर घंटो सड़क पर बैठकर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को 3 सूत्रीय ज्ञापन सौपा। बता दे कि शहर में विगत दिनों सर्राफा व्यापारी से हुई दिन दिहाड़े करोड़ों की लूट का खुलासा न होने व जनपद की ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को कांग्रेस मुखर हो गई। सैकड़ो कार्यकर्ता व नेताओं के साथ शहर के विभिन्न मार्गों पर जुलूस निकालकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। तत्पश्चात कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये उप जिलाधिकारी सदर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जनपद में लगभग दो दर्जन बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया गया है लेकिन आज तक पुलिस अधीक्षक उन घटनाओं का खुलासा करने में असफल रहे हैं। जनपद में अपराध का अड्डा बना देने वाले पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य पुलिस अधिकारियों को तत्काल जनपद से हटाकर योग्य पुलिस अधीक्षक की तैनाती सुनिश्चित की जाय। 28 अगस्त को ठठेरी बाजार स्थित चौक में सराफा व्यापारी के यहां हुई करोड़ों की लूट की घटना को एक सप्ताह के भीतर खुलासा किया जाए। वहीं पूर्व में हुई अन्य घटनाओं का अतिशीघ्र खुलासा सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि सूबे में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, प्रशासन सत्ता पक्ष की कठपुतली बनकर रह गया है। सत्ता के इशारे पर प्रशासन सिर्फ विपक्ष के नेताओं पर फर्जी मुकदमे लादकर उन्हें जेल भेजने का काम कर वाह वाही लूट रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि आज जिला प्रशासन अगर अपराध को नियंत्रण करने में ध्यान केंद्रित करता तो शायद जनपद की दशा और दिशा दोनों बदल गई होती, लेकिन प्रशासन की नाक के नीचे बदमाशों ने असलहे के बल पर दिन दिहाड़े करोड़ों की लूट की घटना को अंजाम दे दिया और पुलिस प्रशासन तमासबीन बना रहा। अभी 80 घंटे से अधिक का समय गुजर गया है लेकिन इसका खुलासा नहीं किया जा सका जो बेहद निंदनीय और चिंता का विषय है। वहीं उन्होंने कहा कि जनपद में अनगिनत लूट, हत्या, बलात्कार जैसी जघन्य घटनाएं दिन प्रतिदिन घटित हो रही है लेकिन उसे रोकने में पुलिस अधीक्षक पूरी तरह से असफल हैं। पुलिस अधीक्षक को एक 2 दिन के भीतर इस घटना का खुलासा करे अन्यथा हम कांग्रेस जन आगे की रणनीति तैयार कर व्यापारियों व आम जन के सहयोग से पूरे शहर को बंद करेंगे। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस हमेशा अन्याय के खिलाफ खड़ी रहती है, जनपद में हुई बुधवार को दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी की दुकान में डकैती की घटना पुलिस के इकबाल पर सवाल उठ रहा है। घनी आबादी के बीच में सर्राफा व्यापारी भरत सोनी के दुकान में दिन दिहाड़े करोड़ की लूट हो गई और प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। 3 दिन बीत चुका है लेकिन अभी तक करोड़ों की हुई डकैती का खुलासा नहीं किया जा सका आखिर कप्तान साहब इतनी बड़ी घटना का खुलासा कब किया जाएगा। पूर्व नपा चेयरमैन प्रत्याशी वरुण मिश्र ने कहा कि पिछले 1 वर्षों में जनपद में अपराधियों ने एक से बढ़कर एक बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है लेकिन प्रशासनिक अधिकारी उसे रोकने और उनका खुलासा करने में असफल है पुलिस अधीक्षक जब से कार्यभार संभाल रहे हैं तब से लगातार अपराधी बेखौफ हो गए हैं और लगातार गंभीर आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं पुलिस अधीक्षक जवाब दें कि व्यापारी जब चौक में सुरक्षित नहीं है तो फिर कहां सुरक्षित है। इस मौके पर नफीस फारूकी, अनिल सिंह, हौसिला प्रसाद भीम, अरुण तिवारी, अतहर नवाब, राजेश तिवारी, फिरोज अहमद, पवन मिश्रा कटावा, सुब्रत सिंह सनी, योगेश पांडे, सिराज अहमद भोला, तेज बहादुर पाठक, पवन मिश्र कटावाँ, ममनून आलम, आवेश अहमद, अरशद पवार, मिर्जा अकरम बेग समेत सैकड़ो कांग्रेसी उपस्थिति रहे।

# वृक्ष जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी

जौनपुर।(आरएनएस ) अथर्वन संस्था ने पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए ग्राम सभा सराय चौहान विकास खण्ड मुँगराबादशाहपुर के अमृत सरोवर पर पहुँच कर 30 अगस्त को बृहद स्तर पर 340 वृक्षारोपण किया। उक्त मौके पर गाँव के निवासी माताफेर पाण्डेय ने संस्था के सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस मौके पर संस्था की सचिव डॉ0 कंचन मिश्रा ने बताया कि आज 30 अगस्त को अमृत सरोवर पर 340 पौधों का वृक्षारोपण किया गया, अब तक संस्था द्वारा कुल मिलाकर 1666 पौधों का पौधरोपण किया जा चुका है और आगे भी इसी तरह निरंतर पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए हम और हमारी संस्था संकल्पित है। अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण के दौरान मुख्य अतिथि सूर्यकांत पाण्डेय "खण्ड विकास अधिकारी" मुँगराबादशाहपुर ने कहा कि अथर्वन संस्था द्वारा बहुत ही अच्छा वृक्षारोपण कार्य कराया जा रहा हैं, वृक्ष हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है यदि वृक्ष नहीं रहेंगे तो हम नहीं रहेंगे, वृक्ष नहीं रहेंगे तो पानी नहीं रहेंगा, इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना चाहिए और उन्हें जीवित रखना चाहिए ताकि हम अपने वातावरण को साफ सुथरा और शुद्ध रख सकें, और साफ सफाई पर भी अधिक से अधिक ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय पाल ने किया। संस्था अध्यक्ष बृजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, चंचल, अश्वनी, दिव्यांश एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा हर बूथ पर दो दो सौ सदस्य बनाएंगी

जौनपुर।(आरएनएस ) भाजपा काशी क्षेत्र के महामंत्री सुशील त्रिपाठी को भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने सदस्यता अभियान को लेकर उनको अहम जिम्मेदारी सौंपी है। त्रिपाठी को काशी क्षेत्र के सदस्यता अभियान की कमान दी है।काशी क्षेत्र में सुलतानपुर,अमेठी, प्रतापगढ़,जौनपुर,प्रयागराज, वाराणसी समेत 16 जनपद आते हैं।क्षेत्रीय महामंत्री व काशी क्षेत्र के सदस्यता अभियान प्रमुख त्रिपाठी ने बताया कि 2 सितम्बर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान में काशी क्षेत्र के 16 जनपदों में 70 लाख भाजपा सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।भाजपा हर बूथ पर 200– 200 सदस्य बनाएंगी।डिजिटल माध्यम से सदस्यता लेने के लिए 2 सितम्बर से 8800002024 पर मिस्ड कॉल करना होगा।उन्होंने कहा सशक्त भारत का निर्माण करना ही भाजपा का उद्देश्य है।सुशील त्रिपाठी को काशी क्षेत्र का सदस्यता अभियान प्रमुख बनाए जाने पर जौनपुर लोकसभा पूर्व प्रत्याशी पूर्व मंत्री कृपा शंकर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुपसराज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश राजेश श्रीवास्तव बच्चा भईया एडवोकेट, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्रा, सुशील उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार जायसवाल, आमोद सिंह आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उनको बधाई दी है। भाजपा का सदस्यता अभियान का पहला चरण 2 से 15 सितम्बर तक चलेगा।दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा तीसरे चरण में 16 से 30 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्य बनाए जाएंगे।

# जलभराव के चलते गिरते पड़ते स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

सुलतानपुर(आरएनएस )। अच्छी शिक्षा, बेहतर सड़क की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है लेकिन जनपद सुलतानपुर के नगर क्षेत्र में एक कालोनी ऐसी भी है जो दशकों से साल के छह महीने गंदे और नाली के पानी की बाढ़ में अपना जीवन गुजारती है उनकी इस समस्या की ओर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान चाह कर भी नहीं जाता है। वह कालोनी रोड है महुआरिया का जहाँ शहर के 90□ मैरिज लॉन पाए जाते हैं जहां शेमफोर्ड और सेंट जेवियर्स स्कूल स्थित है। जिसकी फीस सबसे ज्यादा है लेकिन विद्यालय तक पहुंचने का सड़क मार्ग गंदे नाली के पानी से भरा रहता है और उसी कीचड और पानी में बच्चे विद्यालय पहुंचते है। उस सड़क की समस्या से विद्यालय प्रशासन मौन है और मोहल्ले वाले भी थक हार कर उस समस्या के आदी हों गए हैं। पयागीपुर के पहले महुआरिया मोड़ निकट हीरो एजेंसी के सर्विस सेंटर से शुरू इस सड़क पर जलभराव की समस्या चर्चित सेंट जेवियर्स, शेमफोर्ड स्कूलों से होते हुए गभड़िया मोड़ तक बरकरार है। अब देखना यह होगा कि इस दशकों पुरानी समस्या पर किसी का ध्यान जाता है यह नहीं।

# चौक में डाका, नागरिक सुरक्षा के लिए चिन्ता का विषय–व्यापार मण्डल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सुल्तानपुर की महत्वपूर्ण बैठक जिलाध्यक्ष मनीष साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि ऐसी दुस्साहसिक घटना नगर के इतिहास में घटित होना बताता है कि व्यावसायिक दृष्टि से जिले की तिजोरी मानी जाने वाली नगर हृदयस्थली चौक भी अब सुरक्षित नही रही जो कि अतिचिन्ता और पुलिस प्रशासन के लिए चिंतन का विषय है, आगे इस प्रकार की घोर निंदनीय घटना ना होने पाए और व्यापारियों के मन मे सुरक्षा के प्रति सकारात्मक विश्वास का भाव व्यापारी वर्ग में व्याप्त हो इस पर पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्य हो। ये घटना सरकार और प्रशासन के इकबाल को चुनौती है,अपराधियो के साथ ऐसा सुलूक हो जो एक नजीर बने। जिलासंगठन महामंत्री संजय गुप्ता ने कहा कि उक्त घटनाक्रम में प्रशासन द्वारा मांगे गए 72 घण्टे में खुलासा नही किया जाता है तो सभी व्यापार मण्डलों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से सुल्तानपुर जनपद के समस्त बाजारो में बंदी और वृहद रूप से आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन में हमारा संगठन बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगा। जिला उपाध्यक्ष एवं नगर प्रभारी दिलीप गुप्ता ने कहा कि अगर प्रशासन 72 घण्टे के अंदर लूट कांड का खुलासा कर देती है तो उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल सभी पुलिसकर्मियों का नागरिक अभिनन्दन समारोह आयोजित कर सम्मान करेगी। बैठक में सभी पदाधिकारियों की आमसहमति के आधार पर निर्णय लिया गया दोषी अपराधियों की गिरफ्तारी और सम्पूर्ण माल बरामदगी नही हो जाता तब तक पूर्ण रूप से इस प्रकरण में नेतृत्वकर्ता सर्राफा व्यापार मण्डल के हर निर्णय के साथ पूरी मजबूती के साथ संगठन कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा। वही कुछ पदाधिकारियों ने डकैती के समय पड़ोसी दुकानदारों के उदासीनता और गैर जिम्मेदाराना कृत्य को निंदनीय बताते हुए भर्त्सना की। बैठक का सफल संचालन सतनाम सिंह बग्गा और जिलामंत्री शचीन्द्र शुक्ला ने किया। बैठक में प्रमुख रुप से जिला उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, राकेश अग्रहरि (प्रधान), गोपाल जी सोनी, जिला कोषाध्यक्ष बैजनाथ कसौधन, जिलामंत्री पल्लव खेतान, अजय सिंह फौजी, अजय वर्मा, फूलचन्द्र अग्रहरि, अंकित साहू, नगर संरक्षक द्वय देवेश कुमार बरनवाल, प्रदीप जायसवाल जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कसौंधन पिंटू, युवा जिलाध्यक्ष प्रांशु जायसवाल, युवा जिला महामंत्री अजय विक्रम सिंह, युवा जिला कोषाध्यक्ष दीपक कसौधन, युवा नगर अध्यक्ष मोहित साहू, शंकर दयाल अग्रहरि, नारायण कसौधन, हंसराज साहू, रविशंकर कसौधन, आकाश सोनी, मोहम्मद अहमद, खुर्शीद अहमद, रवि साहू (कटका)अनूप केसरवानी, आनंद साहू, मेराज अहमद, वदूद अहमद सहित पदाधिकारीगण एवं दर्जनों व्यापारी बन्धु उपस्थित रहे।

# संस्थापक की पुण्य तिथि पर हुआ हवन पूजन एवं गोष्ठी

सुल्तानपुर। कमला विद्या मंदिर में स्वर्गीय मथुरा प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर हवन पूजन एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने स्वर्गीय संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शनिवार को शहर के करौंदिया इलाके में स्थित कमला विद्या मंदिर के संस्थापक स्वर्गीय मथुरा प्रसाद श्रीवास्तव की पुण्यतिथि मनाई गई ।इस दौरान हवन पूजन गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वर्गीय मथुरा प्रसाद श्रीवास्तव ने विद्यालय की नीव रखी। उन्होंने कहा कि संस्थापक महोदय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी पहल की। प्राचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासित करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय के नियम अनुसार छात्र छात्राओं के दिन चर्चा पर ध्यान दिया जाता है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि समय–समय पर अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की प्रगति की समीक्षा भी की जाती है। जिससे उन्हें मेधावी बनाने में प्रयास किया जाए किया जाता रहे। गोष्ठी का कुशल संचालन प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर ऋषि श्रीवास्तव, त्रिभुवन नाथ चौबे, रामसागर, रितेश सुमन श्रीवास्तव, सुप्रिया श्रीवास्तव, आराधना श्रीवास्तव, राजेश्वरी मिश्रा, पूनम, सरिता, सौम्या, मधु, प्रिंसी, मनीष, प्रिया, सुष्मिता, दरक्षा, रीता, रितंभरा, पंडित ओम प्रकाश मिश्रा आदि गणमान लोग मौजूद रहे।

# मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने किया ओडिसी इण्टरनेशनल का उद्घाटन

लखनऊ, 31 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव 'ओडिसी इण्टरनेशनल–2024' का भव्य उद्घाटन आज सायं रंगारंग शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश के मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर इस अनूठे अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि अंग्रेजी भाषा पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है और यह भाषा हमें एक नई विश्व संस्कृति की ओर ले जा रही है। आज के बदलते परिवेश में हमें अपनी मातृभाषा हिन्दी के साथ–साथ बच्चों को अंग्रेजी साहित्य का भी ज्ञान कराना आवश्यक है।उद्घाटन समारोह में जहाँ एक ओर सी.एम.एस. छात्रों ने भारतीय लोक गीतों का आलोक बिखरते शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रमों का समाँ बाँधकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न देशों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने आत्मीयतापूर्ण माहौल में एक अलग अंदाज में अपना परिचय प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। विदित हो कि 'ओडिसी इण्टरनेशनल–2024' का आयोजन 31 अगस्त से 3 सितम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें अमेरिका, इंग्लैण्ड, रूस, नेपाल, श्रीलंका एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे लगभग 500 छात्र व विषय विशेषज्ञ प्रतिभाग कर रहे हैं। 'ओडिसी इण्टरनेशनल–2024' की संयोजिका एवं सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या श्रीमती निशा पाण्डेय ने कहा कि 'ओडिसी' एक खोज है, एक यात्रा है जिसके द्वारा हम छात्रों में छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले आज अपरान्हः सत्र में एक प्रेस कान्फ्रेन्स का आयोजन किया गया जिसमें देश–विदेश से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने एक स्वर से कहा कि यह साहित्यिक महोत्सव विभिन्न सभ्यताओं, संस्कृतियों व विचारों का अनूठा संगम स्थल है।




# रूप सज्जा प्रतियोगिता में पीहू प्रथम, स्वरा दुबे द्वितीय

जौनपुर(आरएनएस )। सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरीनाथ में शनिवार को राधा कृष्ण रूप सजा प्रतियोगिता संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामसूरत मौर्या चेयरमैन प्रतिनिधि व डॉक्टर अंजना सिंह प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय भगवा वाहिनी और रचना मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांचन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रथम स्थान पीहू एवं स्वरा दुबे द्वितीय स्थान आर्य एवं शिवन्या तृतीय स्थान विराट अग्रहरि एवं रूही जायसवाल ने प्राप्त किया मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों का सम्मान पुरस्कार वितरण किया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश दत्त उपाध्याय के द्वारा अतिथियों का परिचय एवं स्वागत किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं यशोदा का रूप धारण करके आई थी। कार्यक्रम में अभिभावक पूर्व छात्र भैया वहां उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य संजय तिवारी ने किय। संस्कृत प्रमुख वंदना अस्थान , कल्पना सिंह, राजबहादुर यादव,सी दिवाकर सिंह, बृजेश कुमार, सुनील, साधना आदि सभी आचार्य एवम विद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित रहे ।

# स्थापना दिवस समारोह में मनोरंजक गेम

जौनपुर।(आरएनएस ) लायंस क्लब क्षितिज का पांचवां स्थापना दिवस समारोह संस्थाध्यक्ष प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में शहर के होटल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे कई प्रकार के मनोरंजक गेम अर्चना सिंह के द्वारा कराकर सभी विजेताओं को पुरस्कार भी दिया गया । संस्था द्वारा सभी चार्टर सदस्यों का अंगवस्त्रम व माला पहनाकर तथा गिफ्ट देकर सम्मान किया गया। संस्थापक अध्यक्ष शशांक सिंह ने संस्था की स्थापना कैसे हुई इस सम्बन्ध में विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष लायन जय कृष्ण साहू ने अपने कार्यकाल में किए गए हिंदू नव वर्ष में डांडिया महोत्सव की शुरुआत कैसे हुई इस पर प्रकाश डाला। संयोजक संजय बैंकर और अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने आये हुए सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे कोषाध्यक्ष लायन दीपक साहू व सहकोषाध्यक्ष संजय जयसवाल द्वारा सदस्यों को गुड पे अवार्ड से सम्मानित किया गया। संस्था में विशेष सहयोग के लिए लायन सुनील कनौजिया को संस्थापक अध्यक्ष द्वारा प्राउड मेंबर पिन से सम्मानित किया गया। अतुल सिंह, सर्वेश जायसवाल, देवआनंद, सुनील जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, नीरज कुमार सिंह, प्रदीप श्रीवास्तव और अंजनी प्रजापति, विशाल बरनवाल, अनिल गुप्ता, वैभव श्रीवास्तव, डॉ सतीश चंद्र मौर्य, देवेंद्र सिंह पिंकू, संजय गुप्ता, डॉ प्रशांत द्विवेदी, शिल्पी श्रीवास्तव, रिंकी श्रीवास्तव, निशा कनौजिया, नीलम जायसवाल, बबीता जायसवाल, शिल्पी जायसवाल, नीतू गुप्ता, मीना गुप्ता, मालती मौर्य, उमा गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

जौनपुर(आरएनएस )। इंद्रा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटनब्लॉक प्रमुख सुनील यादव मम्मन द्वारा किया गया। श्री यादव ने कहा की ग्रामीणाचंल में यह विद्यालय शहरो जैसा वातावरण प्रस्तुत करके क्षेत्र के निवासियों के लिए एक मिशाल प्रस्तुत करेगा।

इस क्षेत्र के बच्चो के लिए नया मार्ग दर्शन करने का काम करेगा, मंडल अध्यक्ष राज केशर पाल ने बताया कि विद्यालय कम समय मे ही उच्च बुलंदियों को हासिल करके जनपद मे अद्भुत मिशाल स्थापित किया है। जिससे ग्रामीण बच्चो को अच्छी तकनीकी शिक्षा के लिए दूर जाना नही पड़ेगा। शिक्षा संघ के पूर्व अध्यक्ष अतुल प्रकाश ने कहा कि यह विद्यालय भविष्य मे आई.ए.एस. पी.सी.एस. जैसे सफल विद्यार्थी देगा पूर्व प्रधानाचार्य राम आसरे यादव ने कहा कि मेरा इस विद्यालय से जमीन लगाव है। समापन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राम आसरे भारद्वाज मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित सदस्यों एवं अभिभावक गण का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। प्रबंधक डॉ. ज्ञानेद्र पाल ने कहा की समय के साथ चलने के लिए विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा देना बहुत आवश्यक है।

# बीएसए का निरीक्षण दो निलम्बित, कई का रोका वेतन

जौनपुर।(आरएनएस ) बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा शनिवार को विकास खण्ड रामनगर के दो विद्यालयों एवं विकास खण्ड रामपुर के ब्लाक संसाधन केन्द्र सहित कुल 06 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 20 से अधिक कर्मचारियों के अनुपस्थित पाये जाने के परिणाम स्वरूप निलम्बन एवं वेतन अदेय करते हुये स्पष्टीकरण निर्गत कर कार्यवाही की गयी। सर्वप्रथम रामनगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय चकडोमनपुर का निरीक्षण कर विद्यालय में प्रार्थना सभा आयोजित करायी। निरीक्षण के दौरान किसी भी कर्मचारी के विद्यालय में उपस्थित न होने पर बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक रामकमलेश दूधनाथ को निलम्बित करते हुये शेष अन्य कार्मिकों को स्पष्टीकरण निर्गत कर कार्यवाही की गयी।

कम्पोजिट विद्यालय गोता का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में गम्भीर अनियमितता के दृष्टिगत प्रधानाध्यापक राजेश्वर मिश्र को निलम्बित करते हुये सहायक अध्यापक अरविन्द कुमार मौर्य एवं सुरेन्द्र प्रताप यादव को शो–काज नोटिस निर्गत किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र रामपुर पर पहुँचकर केंद्र पर गतिमान एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण का गहनता से निरीक्षण किया। ब्लाक संसाधन केन्द्र रामपुर पर कार्यरत कार्मिकों के अनुपस्थित पाये जाने पर बीएसए द्वारा कार्मिकों का निरीक्षण तिथि का वेतन अथवा मानदेय अदेय कर दिया गया। एफ0एल0एन0 प्रशिक्षण में कुल 14 कार्मिकों के अनुपस्थित पाये जाने पर बीएसए द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये समस्त कार्मिकों का वेतन अथवा मानदेय अग्रिम आदेशों तक अवरूद्ध कर दिया गया। ब्लाक संसाधन केन्द्र परिसर में संचालित कम्पोजिट विद्यालय रामपुर में प्रधानमंत्री पोषण अभियान के अंतर्गत अध्ययनरत छात्रों को दिये जा रहे मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक को प्रबंध समिति अध्यक्ष के साथ मध्यान्ह निधि संचालित किये जाने हेतु मौके पर ही दिशा–निर्देश देते हुये विद्यालय मे प्राप्त समस्त कमियों में सुधार एक सप्ताह मे किये जाने हेतु निर्देशित किया गया । प्राथमिक विद्यालय बासूपुर में विद्यालय में व्याप्त अनियमितता के कारण प्रभारी प्रधानाध्यापक के विरूद्ध वेतन बाधित की कार्यवाही की गयी।

# संपादकीय

## सरकार की असल नीति क्या है?

सही है विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों ने छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचीं। उस कारण उन्हें घाटा हुआ। सवाल है सरकार की असल नीति क्या है?वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई–कॉमर्स कंपनियों पर सीधा निशाना साधा। उन्हें देश के करोड़ों खुदरा कारोबारियों की बढ़ती मुसीबत का कारण बताया। उन्होंने कहारू ई–कॉमर्स की भारत में बेरोक वृद्धि से ष्बड़े पैमाने पर सामाजिक अस्त–व्यवस्ताष पैदा हो सकती है, जिसका असर दस करोड़ छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। गोयल एक संस्था की रिपोर्ट जारी होने के मौके पर बोल रहे थे। रिपोर्ट श्भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई–कॉमर्स का संपूर्ण प्रभाव्य शीर्षक से जारी हुई है। गोयल ने अमेजन कंपनी का नाम लेकर उस पर निशाना साधा। उनकी टिप्पणी गौरतलब हैरू श्कीमत तय करने का लूटेरा चलन क्या देश के हित में है, जहां अमेजन जब कहती है कि वह अरबों डॉलर का निवेश करेगी, तो हम सब खुशी मनाते हैं। लेकिन हम अंदरूनी कहानी भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर किसी बड़ी सेवा या भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सहायक किसी बड़े निवेश के रूप में नहीं आ रहे हैं। ये रकम कंपनी अपना घाटा पाटने के लिए ला रही है। लेकिन अरबों डॉलर का घाटा हुआ ही क्यों?्य गोयल का तात्पर्य है कि इन कंपनियों को घाटा छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचने के कारण हुआ। उसे पाटने के लिए अरबों डॉलर लाए गए।

यह नहीं कहा जा सकता कि गोयल की बातें बेबुनियाद हैं। मगर सवाल यह उठेगा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति क्या है? क्या उसकी नीतियों ने हर तरह के विदेशी निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया है? और क्या उसका ही यह परिणाम नहीं है कि देश में विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों का पूरा वर्चस्व बन गया है। वैसे क्या यह भी एक सच नहीं है कि केंद्र की ही नीतियों या कार्य–प्रणाली से तंग आकर अनेक कंपनियां बाहर चली गई हैं। इस क्रम में ना तो देसी उद्योग का विकास हुआ है और ना विदेशी निवेश से अपेक्षित उद्देश्य पूरा हुआ है। क्या गोयल की बातें अब ई–कॉमर्स सेक्टर में अनिश्चय का माहौल नहीं बनाएंगी? वैसे खुदरा कारोबार सेक्टर की मुसीबतें बढ़ाने में नोटबंदी और जीएसटी जैसे नीतिगत फैसलों का क्या रोल रहा है, गोयल को यह भी बताना चाहिए।

## भाजपा का लखपति दीदी प्रोगाम

विपक्ष की जातिगत जनगणना के उत्तर में प्रधानमंत्री मोदी देश में चार जातियां मानते हैं । उन्होंने अंग्रेजी के ज्ञान से चार जातियां बतलाईं हैं । त्र गरीब से गरीब, ङ्घ से युवा,⁄ से कृषिक और ह्व से नारी । मोदी जी का फोकस इन चारों पर हैं । आजकल बीजेपी के मुख्यमंत्री मोदी जी के नारी सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं । मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई सशक्तिकरण कार्यक्रम चला रक्खे हैं । आज मध्य प्रदेश में नारी कल्याण को लेकर कई योजनाएं संचालित हैं । तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जमाने से प्रत्येक महिला को हर महीने 1250 रुपये मिलते हैं । इस बार रक्षाबंधन के 250 जोड़कर 1500 रुपये हर महिला के खाते में आये हैं । अब प्रयत्न है कि राज्यसभा और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े । इसके साथ ही स्थानीय निकायों में भी उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जा रहा है । अभी असल में स्थानीय निकायों में महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उसके ससुर, पिता या पति ही मीटिंगों में भाग लेते हैं । इसे रोका जा रहा है । डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों को आदेश दिया है कि इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाये । महिला प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है ।

इस बार अनेक स्थानों में डॉ. मोहन यादव ने जाकर महिलाओं से राखी बंधवाई । महिलाओं के बीच उनके भाई डॉ. मोहन यादव बहुत लोकप्रिय हैं । अब देश में उद्योगों में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है । रीजनल इण्डस्ट्रियल कान्क्लेव कई जगह आयोजित किये जा रहे हैं । जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकतादी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी । की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी ।25 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी जी ने महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा किया और वहां महिलाओं को लखपति दीदी का दर्जा दिया । जलगांव में ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित किया । यह मुकाम उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में प्रदान किया है । मोदी जी ने 2500 करोड़ का एक कोष बनाया है जिसमें करीब 48 लाख सदस्यों वाले चार–पांच लाख स्वयं सहायता समूह कार्यरत होंगे । प्रधानमंत्री ने महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक लोन भी वितरित किये । इससे करीब ढाई लाख स्वयं सहायता समूह कार्य करेंगे जिनका नेतृत्व महिलाएं करेंगी । अब तक श्लखपति दीदीश कार्यक्रम से एक करोड़ महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं । यह उम्मीद है कि हर एक स्वयं सहायता समूह प्रति वर्ष एक लाख का लाभ कमा सकेगा ।

असल में देश में आदि आबादी महिलाओं की है । अभी तक वे केवल चौका चूल्हा में व्यस्त रहती थीं । वहां भी उनके लाभ के लिए मुफ्त गैस सलेण्डर दिये गये ताकि लकड़ी से खाना बनाने से जो धुआं निकलता है, उससे उनके स्वास्थ्य में हानि न हो । महिला खिलाडियों को भी मोदी जी के कार्यकाल में काफी प्रोत्साहन दिया जाता है । विनेश फोगट को हार के बाद भी चार करोड़ रुपये के पुरस्कार दिये गये । कोई भी समाज अपनी आबादी के आधे हिस्से को नकारते हुए प्रगति नहीं कर सकता । मोदी जी बड़े सोच वाले प्रधानमंत्री हैं । इससे पहले किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया । अब परिसीमन के बाद लोकसभा और राज्यसभा में 33त्न महिलाएं दिखलाई पड़ेंगी तो राजनीति का स्वरूप भी बदल जायेगा । मोदी जी को इस देश की हर नारी सम्मान की दृष्टि से देखते हुए उनका अभिवादन करती है ।

# सनातनियों को एकजुट रहने का मन्त्र और विपक्ष की बौखलाहट



उत्तर प्रदेश में योगी जी के राज्य का मुखिया बनने के साथ ही सभी थानों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा है जिसने इस पर्व को प्रदेश में एक नया उत्साह दिया है। स्वाभाविक रूप से सेक्यलुर यानि हिन्दू विरोधी शक्तियों को यह उल्लास अच्छा नहीं लगता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुखर होकर सनातन धर्म और हिंदुत्व की बात करते हैं और निरंतर हिन्दू समाज को एकता और राष्ट्र प्रथम का सन्देश देते रहते हैं । बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही वीभत्स हिंसा का सन्दर्भ लेते हुए उन्होंने अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए कहा कि "हम बटेंगे तो कटेंगे"। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का सीधा सन्देश हिन्दू समाज को जातियों में बाँटने से रोकने और हिन्दुओं के लिए इसके कुप्रभावों के प्रति जागरुक करना था।उत्तर प्रदेश में योगी जी के राज्य का मुखिया बनने के साथ ही सभी थानों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा है जिसने इस पर्व को प्रदेश में एक नया उत्साह दिया है। स्वाभाविक रूप से सेक्यलुर यानि हिन्दू विरोधी शक्तियों को यह उल्लास अच्छा नहीं लगता है। इस बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर योगी जी ने आगरा – मथुरा में कई कार्यक्रमों में भाग लिया और जन समुदाय को संबोधित किया। इनमें सबसे अधिक चर्चा उनके आगरा में मारवाड़ शासक महराजा जसवंत सिंह के सेनापति दुर्गादास राठौर की प्रतिमा अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए वक्तव्य की हो रही है। इस वक्तव्य में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राष्ट्र से बढ़कर कुछ नहीं हो सकता, राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है जब हम एकजुट रहेंगे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में देख रहे हो न क्या हो रहा है? ऐसी गलती यहां नहीं होनी चाहिए, समाज जाति भाषा के नाम पर बांटने वाली ताकतों से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री ने श्री कृष्णजन्माष्टमी बधाई देते हुए कहा, पांच हजार वर्ष पूर्व श्रीकृष्ण ने धर्म पथ का अनुसरण करने को सत्य व न्याय का सन्देश दिया था। हम सभी लोकमंगल व राष्ट्रमंगल के प्रति पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करें। ताकि हम सभी मिलकर विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान कर सकें।इधर कई अवसरों पर मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म पर अपने विचार रख रहे हैं तथा स्पष्ट रूप से कहा है कि सनातन धर्म ही भारत का एकमात्र धर्म है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयानों से समावजादी मुखिया अखिलेश यादव और मुसलमानों के एकमात्र स्वयंभू नेता बनने के लिए लालायित एआईआईएएम के असदुद्दुदीन ओवैसी बौखला गए हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि योगी प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं। कम से कम उन्हें प्रधानमंत्री का रोल नहीं अदा करना चाहिए। यह वही अखिलेश यादव हैं जिन्होंने लोकसभा में चंद सीटें बढ़ते ही लखनऊ में अपने प्रधानमंत्री पद की चाहत वाले पोस्टर लगवा दिये गये थे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिंदू जनमानस से बिल्कुल सटीक व स्पष्ट बात कह रहे हैं क्योकि बांग्लादेश में हिंदुओं पर जिस तरह से अत्याचार हुए उस पर दुनिया में किसी ने भी कहीं भी कोई भी आवाज नहीं उठायी। बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में हिंदुओं पर लगातार आत्याचार होते आ रहे हैं किंतु किसी भी मानवाधिकारी की कलम नहीं चली और जो अमेरिका भारत में होने वाली छोटी मोटी घटनाओं पर उपदेश देता रहता उसके मन में कोई संवेदना नहीं जागी। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बांग्लादेश की घटनाओं पर कड़ी चिंता व्यक्त की तब कहीं जाकर कुछ सुस्ती टूटी है पर वह नाकाफी है तथा बांग्लादेश के दूरदराज के हिस्सों में अभी भी हिन्दुओं पर उसी प्रकार से अत्याचार किया जा रहा है।जिस तरह बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ बर्बरता की गई व पवित्र मंदिरों को ध्वस्त किया गया वह बहुत ही हृदय विदारक था। किंतु इस भयावह मानवीय त्रासदी पर मोमबत्ती हाथ में लेकर एक भी वामपंथी जुलूस नहीं निकला। भारत के तथाकथित वामपंथी व इंडी गठबंधन के सभी नेता व विचारक फिलीस्तीन और गाजा पर तो आंसू बहाते रहते हैं और सोशल मीडिया पर कैपेंन चलाते रहते हैं किंतु बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर मौन हो जाते हैं। इनकी सभी समीक्षाएं व चर्चायें पूरी तरह से हिंदू विरोध पर ही केन्द्रित रहती हैं क्योकि संगठित हिंदू इनका वोटबैक नहीं है और आजकल ये कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में हिंदू समाज को टुकडों में टुकड़ो में विभाजित करने के लिए हर जगह हिन्दुओं की जाति खोज रहे हैं। योगीजी के बयानों पर विपक्षी विचारकों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में आगामी उपचुनावों को ध्यान में रखते हुए वह इस प्रकार की बयान बाजी कर रहे हैं, यह तर्क पूरी तरह से असत्य है क्योंकि जब से योगी जी ने मुख्यमंत्री का पदभार संभाला है उन्होंने अयोध्या, मथुरा और काशी को विकास कार्यो के केंद्र में रखा है और विभिन्न अवसरों पर सनातन धर्म पर विचार व्यक्त किये हैं। तथाकथित वामपंथी विचारक यह अर्नगल बात भी कह रहे हैं कि योगी जी के बयानों के कारण बांग्लादेश के साथ सम्बंध खराब हो सकते है। क्या ऐसे हिन्दू द्रोही वामपंथी समाजवादी विचारों के कारण हम बांलादेश के हिंदुओं की चिंता करना बंद कर दें?जिस तरह विपक्ष के बड़े नेता कह रहे हैं कि एक दिन भारत के हालात भी बांग्लादेश की तरह होने वाले हैं वह चिंताजनक है। विपक्ष की यह बयानबाजी वास्तव में हिंदुओं के लिए चेतावनी है। यही कारण है कि योगी जी को हिन्दू समाज से कहना पड़ रहा रहे है कि श्हम बटेंगे तो कटंगे। योगी जी के बयान की निंदा करने वाले वाही लोग हैं जो माफिया की मौत पर उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने जाते रहे हैं। असदुद्दुदीन जैसे लोग चाहते हैं वो संसद में फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगाएं लेकिन भारत संबंधों की दुहाई के नाम पर बांग्लादेश के हिंदुओं को असहाय छोड़ दे। सच तो यह है कि उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन हिंदू धर्म के ध्वजवाहक बन कर उभर रहे हैं। भले ही राजनैतिक विश्लेषक मुख्यमंत्री के बयानों को मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की नीति कहें किन्तु वास्तविकता यही है कि योगी आदित्यनाथ सदा

# डंकी रूट से जुड़े संकट एवं दर्द को कौन सुनेगा?

डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर–कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने–समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है।डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा–डंकी प्रेक्टिस का तब पर्दाफाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा–सपनों को चूर–चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ–साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं। डंकी रूट के जरिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। साल 2022 में, अमेरिका–कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फीले तूफान की चपेट में आ गया था। इसी साल अप्रैल में, एक और गुजराती परिवार की मौत हो गई थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गई थी। इस घटना में पति–पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गए थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली–ठगी करने वाले इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं।शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है। मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिए लोग कैसे–कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। 'डंकी रूट' एक विकराल होती समस्या है। भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां–बाप जमीन बेचकर व अपने गहने–मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है। हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नई दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका–मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैधा तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये चुप बैठकर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चौनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए। इसके लिये उन्हें सचेत करने के मकसद से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न–स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश में 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती के लिये 48 लाख से भी अधिक युवा–प्रार्थियों ने आवेदन किया है। थक–हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों एवं परेशानियों की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। एक शख्स के अनुसार उसका भतीजा कैलिफोर्निया में एक डेयरी फार्म में प्रतिदिन लगभग 100 डॉलर कमाता है, जबकि यहां भारत में वह वही काम करके एक महीने में 6,000 रुपये कमाता था। रिश्तेदारों के मुताबिक, इस धन से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है। संभावित प्रवासियों के लिए यह निर्णय भारी कीमत और बहुत बड़े जोखिम के साथ आता है। विडम्बना देखिये कि मुट्ठी भर डंकी प्रवासियों की सफलता की कहानियां बहुसंख्यकों को गुमराह करती हैं। हर कोई प्रवास के लाभों के बारे में बात करता रहता है, लेकिन कोई भी समस्याओं और चुनौतियों के बारे में बात नहीं करता।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन लाभ होने से परिवार में सुख–शांति का माहौल बना रहेगा। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकते हैं।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा। आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

कर्क राशि–
लेखकों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज इन्हें अपने लेखन शैली से जीवन में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने परिवार के किसी सदस्यों से नये वस्त्रों की मिल सकते हैं।

सिंह राशि–
आज व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। इसके साथ ही आप घर वापस आकर अगले दिन के लिए टारगेट सेट करेंगे साथ ही आप अगर घरों में कोई परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे ।यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ, ऐसा कुछ नही होने वाला क्युकी आज आपका दिन आपके फेवर में है।

तुला राशि–
आज आपका दिन रोज से अच्छा रहेगा।आप अपने कामकाजी जीवन से थोड़ा ब्रेक लेकर जीवन साथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके अपने रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज दोस्तों और संबंधियों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह लेना आपके लिए

मकर राशि–
आज दिन की शुरूआत अच्छी होगी। इससे परिवार में सामांजस्य बना रहेगा। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है। जिससे करियर में बदलाव आयेगा। पुराने समय को भूलकर आगे बढ़ेंगे तो सफल हो जाएंगे। आपकी सोच में बदलाव आयेगा ।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक तथा व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे।

मीन राशि–
आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखन होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं। आपकी मेहनत से आय में इजाफा होगा । इतने दिनों से जो दिमाग में चल रहा था, आज करने का दिन है।

# चीन से आ गया भारत को लेकर बड़ा बयान, पीएम मोदी को समझने में कर दी भूल



भारत ने 2014 से 2024 के बीच आर्थिक और सैन्य दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त प्रगति की है। चीन को ये भ्रम था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की पार्टी की सीटें घटने से उनके फैसले करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। लेकिन पीएम मोदी ने अपनी क्षमता से चीन के सभी भ्रमों को दूर कर दिया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक और सामरिक क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी एक मजबूत पहचान बना रहा है। यही वजह है कि कभी भारत को कमजोर समझने वाला चीन अब अब ये मानने पर मजबूर हो गया कि उसे भारत को समझने में गलती हो गई। दरअसल, चीनी थिंक टैंक शंघाई इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल स्टडीज की हालिया रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया कि चीन ने भारत को लेकर अपने अनुमान में गलती की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने 2014 से 2024 के बीच आर्थिक और सैन्य दोनों ही क्षेत्रों में जबरदस्त प्रगति की है। चीन को ये भ्रम था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी की पार्टी की सीटें घटने से उनके फैसले करने की क्षमता पर असर पड़ेगा। लेकिन पीएम मोदी ने अपनी क्षमता से चीन के सभी भ्रमों को दूर कर दिया है। 2026 तक सीमा सुरक्षा के मामले में चीन को पीछे छोड़ने का लक्ष्य 2014 से पहले चीन भारत के सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को कमजोर मानता था। उसे लगता था कि भारत कभी भी चीन का मुकाबला नहीं कर पाएगा। लेकिन पिछले एक दशक में भारत ने अपने सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर में जिस तेजी से सुधार किया उससे चीन भी हैरान है। चीन हमेशा से मानता रहा है कि भारत कभी भी उसकी तकनीकि और सामरिक क्षमताओं का सामना नहीं कर पाएगा। लेकिन भारत ने न केवल अपने रक्षा बजट में इजाफा किया बल्कि अपनी सीमावर्ती इलाकों में सैन्य तैयारियों को मजबूत किया। भारत ने चीन से सटे सीमाओं पर सैन्य तैयारियों पर सुधार किया। भारत ने 2026 तक सीमा सुरक्षा के मामले में चीन को पीछे छोड़ने का लक्ष्य रखा है। सीमा पर शांति की राह पर लौटता दिख रहा भारत और चीन के बीच 29 अगस्त को बीजिंग में वर्किंग मैकेनिज्म ऑन कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की 31वें दौर की बैठक हुई। इसमें चीन भारत के साथ सीमा समझौते को मानने के लिए तैयार हो गया है। बॉर्डर पर तमान कम करने पर भी सहमति बनी है। बैठक के बाद भारत का कहना है कि चीन के साथ वार्ता स्पष्ट, रचनात्मक और दूरदर्शी रही है। बीजिंग नई दिल्ली के साथ अपने सीमा–संबंधी समझौतों का सख्ती से पालन करने पर भी सहमत हुआ। जयशंकर ने चीन को बताया दोहरी पहेली जयशंकर ने देश के रणनीतिक महत्व को स्वीकार किया। चीन के मामले में पके सामने दोहरी पहेली है, क्योंकि यह एक पड़ोसी और एक प्रमुख शक्ति है। उन्होंने कहाक कि इसलिए, चीन के साथ चुनौतियां इस दोहरी परिभाषा में फिट बैठती हैं। जयशंकर ने म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव के साथ संबंधों की जटिलताओं पर भी चर्चा की और बताया कि हालांकि इन रिश्तों में उतार–चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ये क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# आतंकियों के साथ मिली हुई ISI पूर्व NSA ने कबूल की सच्चाई, बताया कैसे पाकिस्तान ने किया अमेरिका का अपमान



डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के दौरान अपने कार्यकाल का प्रत्यक्ष विवरण देते हुए मैकमास्टर ने अपनी पुस्तक एट वॉर विद अवरसेल्व्स में दावा किया है कि तत्कालीन रक्षा सचिव जिम मैटिस एक सैन्य सहायता देने की योजना बना रहे थे। इस्लामाबाद को पैकेज जिसमें +150 मिलियन मूल्य के बख्तरबंद वाहन शामिल थे, मैकमास्टर के हस्तक्षेप के बाद वह सहायता रोक दी गई।पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एचआर मैकमास्टर ने अपनी नई पुस्तक में कहा कि आतंकवादी समूहों के साथ पाकिस्तान की इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) की निर्विवाद मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि व्हाइट हाउस को राज्य विभाग से प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और पेंटागन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के दौरान इस्लामाबाद को सुरक्षा सहायता प्रदान करने पर आपत्ति जताई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन के दौरान अपने कार्यकाल का प्रत्यक्ष विवरण देते हुए मैकमास्टर ने अपनी पुस्तक एट वॉर विद अवरसेल्व्स में दावा किया है कि तत्कालीन रक्षा सचिव जिम मैटिस एक सैन्य सहायता देने की योजना बना रहे थे। इस्लामाबाद को पैकेज जिसमें +150 मिलियन मूल्य के बख्तरबंद वाहन शामिल थे, मैकमास्टर के हस्तक्षेप के बाद वह सहायता रोक दी गई।मैकमास्टर ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि कुछ गतिविधियों को रोकने के लिए ट्रम्प के निर्देशों का पालन करना भी राज्य और रक्षा के लिए मुश्किल था। जब मैटिस ने इस्लामाबाद का दौरा किया, तो उन्हें पता चला कि यह दक्षिण एशिया रणनीति के विपरीत है, जिसमें कुछ अपवादों के साथ पाकिस्तान को सभी सहायता को निलंबित करने का आह्वान किया गया था। पेंटागन एक सैन्य सहायता पैकेज देने जा रहा था जिसमें 150 मिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के बख्तरबंद वाहन शामिल थे।पूर्व एनएसए ने लिखा कि उन्होंने मैटिस, सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी के उप निदेशक जीना हास्पेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाई, जहां उन्होंने कहा कि ट्रम्प कई मौकों पर पाकिस्तानियों को सहायता बंद करने के लिए बहुत स्पष्ट थे। उन आतंकवादी संगठनों के लिए समर्थन जो अफगानिस्तान में अफगानों, अमेरिकियों और गठबंधन के सदस्यों को मार रहे थे। हम सभी ने ट्रंप को यह कहते हुए सुना था, श्मैं नहीं चाहता कि कोई भी पैसा पाकिस्तान जाए। मैटिस ने इस संभावना पर गौर किया कि पाकिस्तान कुछ खास तरीकों से जवाबी कार्रवाई कर सकता है, लेकिन इस्लामाबाद में अमेरिकी राजदूत डेविड हेल समेत अन्य लोगों ने इस बात को साझा नहीं किया। मैटिस ने अनिच्छा से सहायता का शिपमेंट रोक दिया लेकिन अन्य सहायता जारी रही। नतीजतन, ट्रम्प ने ट्वीट करते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने पिछले 15 वर्षों में पाकिस्तान को मूर्खतापूर्ण तरीके से 33 बिलियन डॉलर से अधिक की सहायता दी है और उन्होंने हमारे नेताओं को मूर्ख समझकर हमें झूठ और धोखे के अलावा कुछ नहीं दिया है। अमेरिका का किया अपमान मैकमास्टर ने आगे लिखा कि पाकिस्तान ने अपना व्यवहार नहीं बदला और मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड, संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकवादी हाफिज सईद को रिहा कर दिया, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए अपमान सरीखा था। इसके अलावा, पाकिस्तान में बंधकों से जुड़ी एक हालिया घटना ने आतंकवादियों के साथ पाकिस्तान की इंटर–सर्विसेज इंटेलिजेंस की निर्विवाद मिलीभगत को उजागर कर दिया है।

# अश्वस्ट्रेलिया में केमिकल ले जा रहे ट्रक में विस्फोट, एक की मौत

सिडनी ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में शुक्रवार को केमिकल ले जा रहा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दौरान ट्रक में विस्फोट हो गया। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुरक्षा के लिहाज से शहर को खाली करा दिया गया है। बता दें कि 42 टन अमोनियम नाइट्रेट ले जा रहा बी–डबल टैंकर हाईवे पर दूसरे वाहन से टकरा गया। इससे भीषण विस्फोट हुआ। क्वींसलैंड पुलिस ने बोरोरेन के निवासियों से तुरंत शहर खाली करने का निर्देश दिया।अधिकारियों ने बताया है कि हादसे में दूसरे वाहन के चालक की मौत हो गई है और ट्रक चालक को स्थानीय लोगों ने बचा लिया था। चालक को पेट और पैर में गंभीर चोट लगने के कारण अस्पताल ले जाया गया।अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल के आस–पास के लोगों को वहां से निकलने का निर्देश दिया। जो लोग वहां से नहीं निकल पाए, उन्हें घर के अंदर रहने के साथ खिड़कियों, दरवाजों और एसी बंद करने को कहा गया।क्वींसलैंड पुलिस के कार्यवाहक अधीक्षक मार्क बर्गेस ने कहा कि विस्फोट का दायरा लगभग 500 मीटर था। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सुबह 9.40 बजे के बाद एक विस्फोट की आवाज सुनी गई और धुएं का एक बड़ा गुबार दिखाई दिया।हादसे में कोई अन्य घायल नहीं हुआ और न ही किसी संपत्ति को नुकसान पहुंचा, लेकिन बिजली की लाइनें टूट गईं और पास के रेल कॉरिडोर में आग लग गई।ब्रिसबेन को सुदूर उत्तरी शहर केर्न्स से जोड़ने वाला एक प्रमुख राजमार्ग ब्रूस हाईवे को बंद कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण निगम ने बताया कि क्वींसलैंड फायर एंड रेस्क्यू विस्फोट स्थल पर जांच कर रहा है।क्वींसलैंड एम्बुलेंस सेवा के जॉन हॉडसन–गिलमोर ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले पैरामेडिक्स को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ा। गौरतलब है कि अमोनियम नाइट्रेट का उपयोग मुख्य रूप से कृषि में उर्वरक के रूप में किया जाता है।

# ब्रिटिश राजदूत की आपत्ति के बाद साउथ कोरिया ने लिया बड़ा फैसला, सुरक्षा पैनल में महिलाओं की बढ़ाई तादाद

सियोल दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने आगामी सुरक्षा नीति मंच के लिए पैनलिस्ट के रूप में और अधिक महिलाओं को शामिल करने का फैसला किया है, क्योंकि ब्रिटेन के शीर्ष दूत ने महिला वक्ताओं के कम प्रतिनिधित्व के कारण कार्यक्रम को अस्वीकार कर दिया था।ग्लोबल कोरिया फोरम के लिए 6 महिला पैनलिस्ट का नाम शामिल किया है।ध्यान दें, यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है, जब हाल ही में ब्रिटिश राजदूत कॉलिन क्रुक्स ने लिंग समानता के अभाव पर चिंता जाहिर करते हुए इस फोरम में हिस्सा लेने से साफ इनकार कर दिया था।मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने लिंग और राष्ट्र की परवाह किए बगैर सभी विशेषज्ञों से संपर्क स्थापित किया, लेकिन पैनल में महिला विशेषज्ञों को नजरअंदाज कर महज पुरुष विशेषज्ञों को ही शामिल किया गया।वहीं, क्रुक्स की घोषणा के तुरंत बाद मंत्रालय ने पैनल में एक महिला और दो अन्य पुरुषों को शामिल किया।मंत्रालय ने महिला पैनलिस्ट को शामिल करने का फैसला किया, क्योंकि क्रुक्स ने फोरम में हिस्सा लेने से साफ इनकार कर दिया था। जिसके बाद यह विषय मीडिया में खूब छाया रहा।एकीकरण मंत्रालय द्वारा आयोजित ग्लोबल कोरिया फोरम, कोरियाई प्रायद्वीप के संबंध में सुरक्षा और नीति पर एक वार्षिक मंच है। इस वर्ष की थीम स्वतंत्रता, शांति और समृद्धि के लिए एकीकृत कोरियाई प्रायद्वीप है।बता दें कि यह पहली दफा नहीं है कि जब अमेरिकी राजदूत ने महिला सहभागिता का अभाव बताकर किसी कार्यक्रम से किनारा किया हो, बल्कि इससे पहले भी वे कई मौकों पर महिला सहभागिता पर जोर दे चुके हैं।उनका मानना है कि राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले किसी भी कार्यक्रम में लिंग समानता का विशेष ध्यान देकर उनके विचारों का स्वागत किया जाना चाहिए, ताकि वैश्विक स्तर पर विकास को गति मिल सके। वे हमेशा से ही इस बात पर बल देते हुए आए हैं कि नीति निर्माण में महिला सहभागिता जरूरी है।

# यूक्रेन पर रूस के ताबड़तोड़ हमले, एक बच्चे सहित 7 लोगों की मौत


मेयर ने कहा कि हड़ताल के परिणामस्वरूप 12 मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में आग लग गई। बाद में एक बयान में उन्होंने कहा कि जब मलबे से एक महिला का शव बरामद हुआ तो हमले में मरने वालों की संख्या सात हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि घायलों में से लगभग 20 की हालत गंभीर है। ब्लॉक का एक सिरा काले धुएं से घिरा हुआ था और ऊपरी कई मंजिलें आग की लपटों में घिरी हुई थीं। आग से बाहर खड़ी कई कारें जलकर खाक हो गईं। यूक्रेन की तरफ से रूस के कई इलाकों में अपर एज बनाए जाने के बाद अब पुतिन की सेना ने भी पलटवार शुरू कर दिया है। रूस ने यूक्रेन के उत्तरपूर्वी शहर खार्किव इलाके में एक आवासीय इमारत और एक खेल के मैदान पर बम से हमला किया है। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई और कम से कम 77 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि मृतकों में 14 साल की एक लड़की भी शामिल है। शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने पहले टेलीग्राम पर कहा था कि खेल के मैदान में एक बच्चे की मौत हो गई।मेयर ने कहा कि हड़ताल के परिणामस्वरूप 12 मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक में आग लग गई। बाद में एक बयान में उन्होंने कहा कि जब मलबे से एक महिला का शव बरामद हुआ तो हमले में मरने वालों की संख्या सात हो गई। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि घायलों में से लगभग 20 की हालत गंभीर है। ब्लॉक का एक सिरा काले धुएं से घिरा हुआ था और ऊपरी कई मंजिलें आग की लपटों में घिरी हुई थीं। आग से बाहर खड़ी कई कारें जलकर खाक हो गईं। आपातकालीन सेवाएँ और बचाव स्वयंसेवक जीवित बचे लोगों को इमारत से बाहर निकालने के लिए दौड़ पड़े। पीड़ितों में से एक का शव बाहर जमीन पर कालीन के नीचे पुलिस से घिरा हुआ था। सभी उम्र के निवासी, जिनमें से कुछ खून से लथपथ थे, बाहर बेंचों और दीवारों पर स्तब्ध बैठे थे और चिकित्सक उनकी चोटों का इलाज कर रहे थे। पूरे युद्ध के दौरान खार्किव भारी रूसी बमबारी का केंद्र रहा है, हालांकि हाल के हफ्तों में तीव्रता में गिरावट आई है, जो संभवतः रूस के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना द्वारा शुरू की गई एक चौंकाने वाली घुसपैठ से संबंधित है।

# ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला ने 10 वर्षीय बेटी की हत्या की बात स्वीकार की

कौर ने जेल से वीडियो के माध्यम से वोल्वरहैम्पटन क्राउन अदालत में एक संक्षिप्त सुनवाई में कहा है कि वह कम जिम्मेदारी के आधार पर अपनी बेटी की हत्या के लिए दोषी हैं। इंग्लैंड में भारतीय मूल की 33 वर्षीय एक महिला ने शुक्रवार को अपनी 10 वर्षीय बेटी की हत्या की बात स्वीकार की। बच्ची का शव इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के एक कस्बे में उनके घर पर मिला था।यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानेंजसकीरत कौर उर्फ जैस्मीन कांग पर चार मार्च को शे कांग की हत्या का आरोप लगाया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा था कि बच्ची राउली रेजिस के एक पते पर घायल अवस्था में मिली और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। कौर ने जेल से वीडियो के माध्यम से वोल्वरहैम्पटन क्राउन अदालत में एक संक्षिप्त सुनवाई में कहा है कि वह कम जिम्मेदारी के आधार पर अपनी बेटी की हत्या के लिए दोषी हैं। अदालत की रिपोर्ट के अनुसार जज चौंबर्स ने कौर से कहा, "आपके मामले की सुनवाई संभवतः 25 अक्टूबर को होगी।

# सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय नागरिक के पास से 58 कछुए मिलने के बाद मामला दर्ज

'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, एक अदालत ने अली पर शुक्रवार को अवैध रूप से जानवरों को सिंगापुर में लाने का आरोप लगाया – जो विलुप्तप्राय प्रजाति (आयात और निर्यात) अधिनियम के तहत एक अपराध है।सिंगापुर में चांगी हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक के पास पारगमन के दौरान 50 से अधिक कछुए मिलने के बाद शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। अब्दुल जाफर हाजी अली (40) भारत से जकार्ता की यात्रा कर रहे थे, जब वह बृहस्पतिवार की सुबह यहां रुके, तो अधिकारियों को उनके निजी सामान में 58 कछुए मिले। 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार, एक अदालत ने अली पर शुक्रवार को अवैध रूप से जानवरों को सिंगापुर में लाने का आरोप लगाया – जो विलुप्तप्राय प्रजाति (आयात और निर्यात) अधिनियम के तहत एक अपराध है। उस पर अवैध रूप से कछुओं को सिंगापुर में लाने का आरोप है। खबर के अनुसार, अली के मामले का उल्लेख 20 सितंबर को फिर से अदालत में किया जाएगा।



# अमेरिकियों ने बिकानो खाना क्यों कर दिया कम ? ट्रंप ने अपनी विस्कान्सिन रैली में बताई अजीबो–गरीब वजह

अमेरिकी एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत है। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के अनुसार, यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के डेटा से पता चलता है कि मौजूदा खाद्य कीमतें ट्रम्प प्रशासन के अंत में जनवरी 2020 की तुलना में थोड़ी ही अधिक हैं। रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने विस्कॉन्सिन में चुनावी रैली में अजीबो–गरीब करते हुए कहा कि लोगों ने बेकन (सुअर का मांस) खाना बंद कर दिया है। इसके पीछे विंड एनर्जी में देश के इंवेस्टमेंट को जिम्मेदार बताया है। उनका बयान रैली में उपस्थित एक व्यक्ति के सवाल के जवाब में आया। व्यक्ति ने पूछा था कि लोगों के लिए अधिक किफायती जीवन शुरू करने और मुद्रास्फीति को कम करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति की क्या योजनाएं हैं। ट्रंप ने कहा कि शायद यही वह सवाल है जो मुझे सबसे ज्यादा मिलता है। आप बेकन और इनमें से कुछ उत्पादों पर नजर डालें और कुछ लोग अब बेकन नहीं खाते हैं। हम ऊर्जा की कीमतें कम करने जा रहे हैं। जब हवा नहीं चलती तो हमें थोड़ी समस्या होती है।अमेरिकी एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के विपरीत है। ट्रेडिंग इकोनॉमिक्स के अनुसार, यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के डेटा से पता चलता है कि मौजूदा खाद्य कीमतें ट्रम्प प्रशासन के अंत में जनवरी 2020 की तुलना में थोड़ी ही अधिक हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार, ट्रम्प अपनी प्रतिद्वंद्वी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से पिछड़ गए हैं। वह 13 जुलाई को पेन्सिलवेनिया रैली के दौरान उन पर असफल हत्या के प्रयास के बाद की स्थिति को फिर से हासिल करना चाह रहे हैं। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उनके बारे में की गई नस्लीय टिप्पणी के बारे में पूछे गए सवाल को टालते हुए कहा कि कृपया अगला सवाल पूछिए। भारतीय–अफ्रीकी मूल की 59 वर्षीय हैरिस का राष्ट्रपति चुनाव में पांच नवंबर को रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से मुकाबला होगा। सीएनएन टीवी चौनल के साथ साक्षात्कार के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति से उनकी जातीयता के बारे में ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी। हैरिस ने सवाल को टालते हुए कहा कि ट्रंप की टिप्पणी वही पुरानी, घिसी–पिटी कहानी है।

# मसीहा बना 10 महीने का बच्चा, रुकवा दी इजराइल और हमास की जंग

इजराइल । इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग जिसे रूकवाने में कई देश नाकाम साबित हुए हैं, तो वहीं एक 10 महीने का बच्चा मसीहा बनकर सामने आया है। जिस की वजह से दोनों देशों के बीच हो रही जंग पर विराम लग गया है। करीब 11 महीने से जारी जंग 3 दिन के लिए रोकने पर सहमति बन गई है। डब्ल्यूएचओ ने बताया है कि हमास और इजराइल 3–3 दिनों के लिए अलग–अलग जोन में सीजफायर के लिए राजी हैं। दरअसल, 23 अगस्त को डब्ल्यूएचओ ने गाजा में 25 साल बाद पोलियो वायरस मिलने की पुष्टि की थी। गाजा में 10 महीने का बेबी अब्दुल रहमान टाइप 2 पोलियो वायरस से ग्रसित होकर विकलांग हो गया है। डब्ल्यूएचओ ने कहा था कि गाजा जंग के बीच बच्चों को पोलियो वैक्सीन देना बेहद मुश्किल हो रहा है और करीब साढ़े 6 लाख बच्चों को तत्काल पोलियो वैक्सीनेशन की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि इजराइली सेना और हमास 3 अलग–अलग जोन में 3 दिनों के लिए युद्धविराम को राजी हो गए हैं। गाजा पट्टी में हमास और इजराइल के बीच 3 दिनों के सीजफायर के दौरान 6 लाख 40 हजार बच्चों के लिए वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा।


उन्होंने बताया है कि 3 दिन के सीजफायर के दौरान सेंट्रल गाजा से पोलियो वैक्सीनेशन अभियान की शुरुआत होगी। इसके बाद दक्षिणी गाजा और फिर उत्तरी गाजा में पोलियो अभियान चलाया जाएगा। डब्ल्यूएचओ के अधिकारी रिक पीपरकोर्न ने बताया है कि जरूरत पड़ने पर हर जोन के लिए चौथे दिन भी सीजफायर के लिए इजराइल और हमास के बीच समझौता हुआ है। वहीं हमास के एक अधिकारी बासेम नईम ने कहा है कि हम इस अभियान की सुरक्षा के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इससे गाजा पट्टी में करीब साढ़े 6 लाख बच्चों को पोलियो से सुरक्षा मिलेगी।

# हिजबुल्ला का दावा कि उसने इजरायल पर आत्मघाती ड्रोन से किया हमला

बेरूत। हिजबुल्ला ने इजरायल में एक आत्मघाती ड्रोन हमला करने का दावा किया है। यह हमला इजरायली सेना की 210 वें गोलन डिवीजन पर हुआ है।शिया समूह के एक बयान के मुताबिक, बेका और मासना इलाके में हुए दुश्मन के हमले से मौतों के बाद हमारे लड़ाकों ने नफाह बैरक्स और उत्तरी इजरायल में सटीक आत्मघाती ड्रोन से सीधा हमला किया।हिजबुल्ला ने एक बयान में कहा, लड़ाकों ने जारित और दोवेव इलाके के साथ रुवायसत अल–अलाम और अल–समाका जैसे इजरायली इलाके में भी हमला किया है।इस दौरान, लेबानानी आर्मी सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि बृहस्पतिवार को इजरायली ड्रोन्स और युद्धक विमानों द्वारा लेबनान के सीमा क्षेत्र में स्थित गांवों और कस्बों में हमले से करीब नौ घर तबाह हो गए जबकि 20 अन्य घर क्षतिग्रस्त हो गए।दोनों देशों के बीच 8 अक्टूबर 2023 को तब और तनाव बढ़ गया था जब हमास द्वारा इजरायल पर हमले के एक दिन बाद इसके समर्थन में हमास के सशस्त्र समूहों ने भी इजरायल पर एक साथ कई बड़े रॉकेट हमले किए थे। इसका जवाब देते हुए इजरायली सेना ने भी दक्षिणी लेबनान में भारी बमबारी की थी।

# फिल्म युधा का ट्रेलर जारी, फुल एक्शन मोड़ में दिखे सिद्घांत चतुर्वेदी, ड्रग्स के खिलाफ लड़ेंगे बड़ी लड़ाई

सिद्धांत चतुर्वेदी पिछली बार फिल्म खो गए हम कहां में नजर आए थे। इस फिल्म में अनन्या पांडे और अभिनेता आदर्श गौरव उनके साथ थे। ओटीटी पर आई उनकी इस फिल्म की कहानी और इसमें उनके अभिनय की तारीफ हुई थी।फिल्म गली बॉय से मशहूर हुए सिद्धांत की अगली फिल्म युधा की घोषणा काफी पहले हो गई थी और अब आखिरकार फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसका इंतजार सिद्धांत के प्रशंसकों को बड़ी बेसब्री से था।पिछले दिनों युधा से सभी कलाकारों के नए पोस्टर सामने आए थे, जिसके बाद फिल्म के ट्रेलर को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ गई थी।ट्रेलर में सिद्धांत का खतरनाक अवतार देखने को मिल रहा है, जो इससे पहले कभी पर्दे पर नहीं दिखा। उधर विलेन बने राघव जुयाल भी अपने दमदार अंदाज से दिल जीत लेते हैं, वहीं अभिनेत्री मालविका मोहनन की मौजूदगी कहानी में रोमांच और सस्पेंस जोड़ जाती है।इस फिल्म में खूब खून–खराबा देखने को मिलेगा।युधा एक्शन से भरपूर फिल्म है, जिसकी शूटिंग भारत और विदेशों में की गई है। निर्देशक थे।सिद्धांत को रणवीर सिंह अभिनीत फिल्म गली बॉय से पहचान मिली थी। इसके लिए उन्होंने स्क्रीन अवॉर्ड से लेकर




निर्माताओं ने सिद्धांत को फिल्म में एंग्री यंग मैन के रूप में पेश करने की योजना बनाई है,जो फिल्म के ट्रेलर में भी देखने को मिल रहा है।यह फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस फिल्म का निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुआ है। रवि उद्यावर ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जो श्रीदेवी की फिल्म मॉम के फिल्मफेयर अवॉर्ड और जी सिने अवॉर्ड तक अपने नाम किया था।फिल्म में उनके किरदार एमसी शेर पर लोगों ने जमकर प्यार लुटाया था।सिद्धांत निर्माता करण जौहर की फिल्म धड़क 2 में भी मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। यह 2018 में आई करण की फिल्म धड़क का सीक्वल है।

## थलपति विजय की गोट हुई रीसेंसर्ड, नए सीन जुड़ने के बाद 3 घंटे से ज्यादा हो गया फिल्म का रनटाइम

थलपति विजय और निर्देशक वेंकट प्रभु की गोट यानी द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को टीम ने एक बार फिर सेंसर किया है. टीम ने फिल्म में नए सीन्स हैं. वेंकट प्रभु की निर्देशित यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. विजय की अपकमिंग फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से यूए सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है. इस सर्टिफिकेशन के बाद मेकर्स ने नए सीन्स के साथ फिल्म को रीसेंसर किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में कुछ गलत सीन्स जोड़े गए हैं, जो निर्देशक वेंकट प्रभु की फिल्मों में अक्सर देखने को मिलते हैं. गाली–गलौज जैसे अपशब्दों को म्यूट कर दिया गया है. सोशल मीडिया पर सामने आई फिल्म के सेंसर सर्टिफिकेट के अनुसार, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से तीन सेकंड की फुटेज हटा दी गई है, जबकि दो सेकंड की फुटेज बदल दी गई है.नए सीन्स के कारण द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम का रनटाइम 3 घंटे से ज्यादा हो गया है. गोट का अंतिम रनटाइम अब तीन घंटे और तीन मिनट है. इससे पहले गोट का रनटाइम 2.45 मिनट था.डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने 21 अगस्त को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी. उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को यूए सर्टिफिकेट मिला है. तमिलनाडु में गोट के लिए एडवांस टिकट बुकिंग 30 अगस्त से शुरू होगी. तमिलनाडु के अलावा थलपति विजय की फिल्म पड़ोसी राज्यों में सुबह के शो सुबह 4 बजे से ही शुरू होंगे. गोट विजय की 68वीं फिल्म है, ऐसे में विजय और वेंकट प्रभु की जोड़ी को लेकर फैंस और दर्शक काफी एक्साइडेट हैं. विजय और वेंकट प्रभु की यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी.

# अनन्या पांडे की सीरीज काल मी बे का फर्स्ट ट्रैक वेख सोनिया रिलीज, एक्ट्रेस ने शेयर किया एक्सपीरियंस

अनन्या पांडे की मोस्ट अवेटेड सीरीज कॉल मी बे का ट्रेलर रिलीज होते ही फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ गई है. इसी बीच आज सीरीज का पहला गाना वेख सोनेया भी रिलीज कर दिया गया है. जिसे लोग काफी पसंद कर रहे हैं. इसी बीच गाने को लेकर अनन्या ने अपना एक्सपीरियंस शेयर किया. उन्होंने बताया कि किस तरह से इस सॉन्ग के साथ उनके इमोशंस जुड़े हुए हैं.सीरीज के बारे में बात करते हुए अनन्या ने कहा– ट्रेलर रिलीज होने के बाद लोगों का प्यार और एक्साइटमेंट देखकर मैं बहुत खुश हूं. मैं अपने किरदार बेला और सीरीज के बारे में इससे बेहतर कुछ नहीं सोच सकती. जब मैंने पहली बार श्वेख सोनेयाच सुना, मैं उससे जुड़ गई, इसने वाकई मेरा दिल जीत लिया और मेरी प्लेलिस्ट में बार–बार बजता रहा. ऐसा शानदार गाना बनाने के लिए म्यूजिक टीम को बहुत–बहुत बधाई, जिसने मेरे साथ ही काफी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया.सॉन्ग को आवाज




देने वाले म्यूजिशियन चरण ने कहा, श्वेख सोहनेयाच एक अलग ही एक्सपीरियंस देने वाला गाना है. हम एक ऐसा गाना बनाना चाहते थे जो सीरीज के इमोशंस को अच्छी तरह दर्शा सके. जो अनन्या के किरदार बॉम्बे की वाइब्स को दर्शाता हो. मैं इस ट्रैक के साथ कॉल मी बे की दुनिया में कदम रखने वाले दर्शकों के लिए काफी एक्साइटेड हूं.धर्मा एंटरटेनमेंट की नई रिलीज कॉल मी बे को करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा की तिकड़ी ने प्रोड्यूस किया है. इस सीरीज के आठ एपिसोड हैं जिसमें वीर दास, गुरफतेह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका लायरा दत्त, लिसा मिश्रा, मिनी माथुर जैसे कलाकार शामिल हैं. कॉल मी बे 6 सितंबर को भारत और 240 देशों में प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है.

## बाक्स आफिस पर स्त्री 2 का आतंक बरकरार, यश की केजीएफ 2 का तोड़ा रिकार्ड, वर्ल्डवाइड 600 करोड़ पार हुई कमाई

श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म स्त्री 2 को बॉक्स ऑफिस पर 13 दिन बीत चुके हैं और यह अपने बजट से भी कई सौ अधिक कमा चुकी है। यह फिल्म जहां कई रिकॉर्ड बना चुकी है, वहीं हर दिन कमाई के मामले में कोई न कोई बेंचमार्क स्थापित कर रही है। 14वें दिन तो स्त्री 2 ने कमाल कर दिया। स्त्री 2 ने केजीएफ 2 को पछाड़ दिया है। इसने केजीएफ 2 के हिंदी कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। स्त्री 2 ने 13 दिनों में 414.55 करोड़ रुपये कमाए। लेकिन 14वें दिन इसकी कमाई –17.02 प्रतिशत गिर गई। पर इसके बावजूद यह केजीएफ 2 से आगे निकलने में कामयाब रही है।अमर कौशिक के निर्देशन में बनी स्त्री 2 में इस बार अक्षय कुमार भी थे, और सरकटे के वंशज के रोल में उन्हें काफी पसंद किया गया। कहानी के साथ–साथ इसके ट्विस्ट और सरकटा ने दर्शकों को सीट से बांधे रखा। 50 करोड़ के बजट में बनी स्त्री 2 ने मेकर्स की झोली पैसों से भर दी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, स्त्री 2 ने 14वें दिन –17.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 9.75 करोड़ रुपये कमाए हैं, जबकि 13वें दिन इसने 11.75 करोड़ कमाए थे। 14वें दिन इसकी कमाई काफी गिर गई। हालांकि, इसके बावजूद इसने केजीएफ 2 के हिंदी के लाइफटाइम कलेक्शन को मात दे दी। केजीएफ 2 ने 435 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था, और स्त्री 2 ने 14 दिन में ही 445 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इसके साथ ही स्त्री 2 अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली छठी हिंदी फिल्म बन गई है। साथ ही 14 दिन में इसने इंडिया में 507.25 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। वहीं, वर्ल्डवाइड कमाई की बात करें, तो स्त्री 2 ने 600 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने 14 दिन में 606 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।28 अगस्त को स्त्री 2 का ओवरऑल ऑक्यूपेंसी 18.16 प्रतिशत रही। सुबह के शोज में यह 11.49 प्रतिशत, दोपहर के शोज में 18.01 प्रतिशत रही, जो रात के शोज तक बढ़कर 23.60 प्रतिशत हो गई। अभी स्त्री 2 के सामने 6 सितंबर से पहले कोई बड़ी फिल्म नहीं है, ऐसे में इसके बाद तगड़ी कमाई का और मौका है। 6 सितंबर को कंगना रनौत की इमरजेंसी से इसे टक्कर मिल सकती है।

# नागार्जुन का बर्थडे पर फैंस को तोहफा, खूबसूरत मुस्कान संग कुबेर से न्यू लुक पोस्टर रिलीज

साउथ किंग नागार्जुन ने 65 वां बर्थडे पर उन्होंने फैंस को शानदार गिफ्ट दिया है. उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म कुबेर से नया पोस्टर रिलीज किया. जिसमें वे खूबसूरत मुस्कान बिखेरते हुए नजर आ रहे हैं. कुबेर के मेकर्स ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा– हम नागार्जुन सर का बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं जिनकी स्क्रीन पर प्रेजेंस सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है. फिल्म कुबेर में साउथ एक्टर धनुष लीड रोल प्ले कर रहे हैं.पिछले महीने ही धनुष के बर्थडे पर मेकर्स ने उनका लुक पोस्टर रिलीज किया गया था. जिसमें धनुष का मासूम चेहरा दिखाया गया है. बदन पर फटा और गंदा कपड़ा, लंबी दाढ़ी–मूंछ में धनुष की मासूमियत और गरीबी साफ दिखाई दे रही हैं. इस पोस्टर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्टर फिल्म में एक गरीब इंसान का रोल प्ले करते हुए दिखाई देंगे. इस फिल्म में रश्मिका मंदाना का भी खास रोल है और उनका लुक भी मेकर्स ने पहले ही शेयर कर दिया है. जिसमें वे एक गड्ढे से पैसों से भरा



बैग निकालते हुए दिखाई दे रही हैं.धनुष, नागार्जुन और रश्मिका स्टारर कुबेर दिसंबर 2024 में रिलीज होने जा रही है. कुबेर में धनुष, नागार्जुन और रश्मिका खास रोल में हैं वहीं शेखर कम्मुला ने इसे निर्देशित किया है. यह एक पैन इंडिया फिल्म है जिसे तमिल, तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट किया जा रहा है. नागार्जुन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे पिछली बार ना सामी रांगा में दिखे थे जो जनवरी 2024 में रिलीज हुई वहीं उनकी पिछली बॉलीवुड रिलीज ब्रह्मास्त्र थी जिसमें वे खास रोप में दिखे थे. अब वे धनुष की कुबेर में नजर आएंगे.


# बाक्स आफिस पर खेल खेल में का संघर्ष जारी, वेदा का पैकअप होना तय

श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 ने जहां अक्षय कुमार की खेल खेल मेंच का पूरा खेल बिगाड़ कर रख दिया है तो वहीं जॉन अब्राहम की वेदा को भी चारों खाने चित्त कर दिया है. 15 अगस्त के मौके पर एक साथ रिलीज हुई इन तीनों फिल्मों में स्त्री 2 हर दिन करोड़ों में नोट छाप रही है वहीं खेल खेल में और वेदा के लिए चंद लाख रुपये कमाना भी पहाड़ जैसा हो गया है. हालांकि खेल खेल में तो पूरी जद्दोजहद लगाकर मुट्ठीभर कमाई कर भी रही है लेकिन वेदाच बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह चौपट हो चुकी है. चलिए यहां जानते हैं अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की फिल्मों ने रिलीज के 14वें दिन कितना कलेक्शन किया है? अक्षय कुमार ने काफी उम्मीदें लगाई थीं कि उनकी लेटेस्ट रिलीज फिल्म श्खेल खेल मेंच बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करेगी. दरअसल एक्टर की इस साल रिलीज हुई पिछली दो फिल्में शबड़े मियां और छोटे मियांच और शसरफिराच बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी. लेकिन श्खेल खेल मेंच ने भी एक्टर की टेंशन को बढ़ाया ही है. ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से अब तक बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए संघर्ष कर रही है. रिलीज के दो हफ्ते पूरे होने को हैं लेकिन 100 करोड़ के बजट में बनी श्खेल खेल मेंच 30 करोड़ का आंकड़ा भी नहीं छू पाई है.

मुदस्सर अजीज निर्देशित इस फिल्म की कमाई की बात करें तो पहले हफ्ते में खेल खेल मेंच ने 19.35 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 70 लाख, दूसरे शनिवार 1.35 करोड़, दूसरे रविवार 1.75 करोड़, दूसरे मंडे 85 लाख, दूसरे मंगलवार 80 लाख का कारोबार किया हैं. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 14वें दिन की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्खेल खेल मेंच ने रिलीज के 14 वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 65 लाख का बिजनेस किया है. इसी के साथ श्खेल खेल मेंच का 14 दिनों का कुल कलेक्शन अब 25.24 करोड़ रुपये हो गया है.

श्स्त्री 2च की आंधी के आगे श्वेदाच तो पूरी तरह उड़ चुकी है. इस फिल्म की ओपनिंग तो अच्छी हुई थी लेकिन फिर जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ की इस एक्शन पैक्ड फिल्म की कमाई पर ऐसा ग्रहण लगा कि ये पहले हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस पर लुढ़क गई.



ये फिल्म अब पटरी से उतर चुकी है और इसके लिए चंद लाख कमाना भी बेहद मुश्किल हो रहा है. श्वेदाच बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट चुकी है.

इन सबके बीच कमाई की बात करें तो श्वेदाच ने पहले हफ्ते में 17.6 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते के दूसरे शुक्रवार श्वेदाच का कलेक्शन 30 लाख, दूसरे शनिवार 55 लाख, दूसरे रविवार 80 लाख, दूसरे सोमवार 45 लाख और दूसरे मंगलवार को 29 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्वेदाच ने रिलीज के 14वें दिन यानी दूसरे बुधवार को 23 लाख की कमाई की है. इसी के साथ श्वेदाच का 14 दिनों का कुल कलेक्शन अब 20.22 करोड़ रुपये हो गया है.

# फिल्म स्वयंभू के लिए घुड़सवारी व तीरंदाजी की ट्रेनिंग ले रहीं अभिनेत्री संयुक्ता मेनन

अभिनेत्री संयुक्ता अपनी आगामी फिल्म स्वयंभू के लिए निखिल सिद्धार्थ के साथ कड़ी मेहनत कर रही हैं। वह फिल्म के लिए घुड़सवारी, तीरंदाजी और पार्कौर का प्रशिक्षण ले रही हैं।हाल ही में, संयुक्ता ने इंस्टाग्राम पर घुड़सवारी सीखने की एक तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने ल?िखा कि? यह अनुभव उनके लिए कितना आध्यात्मिक है।उन्होंने लिखा, एक एक?टर के रूप में मैं दैनिक आध ार पर अलग–अलग चीजों का अनुभव करने के लिए खुद को भाग्यशाली मानता हूं। अपनी अगली फिल्म, स्वयंभू के लिए, मैं घुड़सवारी सीख रही हूं और मुझ पर विश्वास करें, यह एक आध्यात्मिक यात्रा रही है।घोड़े के साथ सामंजस्य और तालमेल में रहना, घोड़े की आत्मा में गहराई से देखना और यह सुनिश्चित करना कि हम एक टीम के रूप में एक साथ काम कर रहे हैं, सुंदर और आनंददायक है! मैंने प्रत्येक गिरावट को एक सीढ़ी के रूप में लिया, बाधा के रूप में नहीं।स्वयंभू एक ऐसे सम्राट की कहानी है, जिसने इतिहास में स्वर्ण युग की स्थापना की। इसका निर्देशन भरत कृष्णमाचारी और आदित्य बहुधानम ने किया है।संयुक्ता, चरण तेज उप्पलापति द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म में भी नजर आएंगी। यह चरण तेज के निर्देशन में पहली फिल्म



होगी।इसमें काजोल, प्रभु देवा, नसीरुद्दीन शाह, संयुक्ता मेनन और जिशु सेनगुप्ता, आदित्य सील, प्रमोद पाठक और छाया कदम हैं। यह फिल्म एक प्रतिशोधी मिशन पर निकली महिला माया (काजोल) के बारे में एक रिवेंज ड्रामा है।वह जीतू जोसेफ द्वारा लिखित और निर्देशित एक्शन थ्रिलर फिल्म राम में भी नजर आएंगी। यह दो हिस्सों वाली फिल्म सीरीज की पहली सीरीज है। फिल्म में मोहनलाल मुख्य भूमिका में हैं। रॉ एजेंट राम मोहन को एजेंसी द्वारा बेल नामक आतंकवादी समूह से निपटने के लिए बुलाया जाता है, जिसके पास भारत को नष्ट करने में सक्षम परमाणु हथियार हैं।संयुक्ता ने 2016 में मलयालम फिल्म पॉपकॉर्न से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्हें कल्कि, एडक्कड़ बटालियन 06, भीमला नायक, बिम्बिसार, गालीपता 2, वाथी और विरुपाक्ष जैसी फिल्मों में देखा गया।

# रकुल प्रीत सिंह ने सिजलिंग येलो बाडीकान ड्रेस पहन गिराई बिजली, देखिए एक्ट्रेस का कातिल अवतार

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग फैशन सेंस के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका बोल्ड लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर फैंस को अपने हुस्न का दीवाना बनाए रहती हैं।उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं।इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो अक्सर इंटरनेट पर बवाल मच जाता है।हालांकि इन फोटोज में भी एक बार कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में येलो



कलर का बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट दिखाई दे रही हैं।खुले बाल, हाई हील्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# सी सी रोड का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर –

जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत नगर पंचायत भारतभारी के वार्ड नं0–04 लक्ष्मण नगर में सुभाष गुप्ता के दुकान से राम सागर के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर द्वारा नगर पंचायत भारतभारी के वार्ड नं0–04 लक्ष्मण नगर में सुभाष गुप्ता के दुकान से राम सागर के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य को देखा गया निरीक्षण के दौरान सड़क की लंबाई, चौडाई को नापवाकर देखा गया एवं सड़क को खोदवाकर गुणवत्ता



को भी चेक किया गया। निर्माण कार्य स्टीमेट एवं एम बी का मिलान किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक अनुरूप नही पाया गया। सड़क ऊंचाई व लम्बाई माानक अनुसार कम पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतभारी को 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत भारतभारी कार्यालय का किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

जिलाधकारी ने नगरपंचायत भारत भारी का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर द्वारा नोटिस बोर्ड पर चस्पा नोटिस को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा जानकारी चाही गयी कि नगर पंचायत कब बना है अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतभारी द्वारा जानकारी दी गयी कि नगर पंचायत का गठन वर्ष 2020–21 में हुआ है नगर पंचायत में 20 राजस्व गांव को मिलाकर बनाया गया है जिसमें 15 वार्ड है जिलाधिकारी द्वारा 15वां वित्त,राज्य वित्त एवं केन्द्र वित्त में कितना बजट मिला है जिसके बारे में जानकारी चाही गयी सम्पत्ति रजिस्टर, टेन्डर पत्रावली, वर्क रजिस्टर, पूर्ण नही पाया गया अधिशासी अधिकारी द्वारा सही जानकारी नही देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतभारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया इसके अलावा वरिष्ठ सहायक तथा



कनिष्ठ सहायक का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया नगरपंचायत में लगाये गये स्ट्रीट लाइटो का थर्ड पार्टी सत्यापन नही पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतभारी को निर्देश दिया कि रात भर आप लोग काम करके अपूर्ण रजिस्टर व पत्रावली दिनांक 02.09.2024 तक पूर्ण कर उपलब्ध करना सुनिश्चित करे जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराये।

इस अवसर पर नगर पंचायत भारत भारी चन्द्र प्रकाश वर्मा उर्फ चन्दू चौधरी, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारी राजन कुमार गुप्ता, व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने नगर पंचायत भारत भारी में किया इंटरलाकिंग का निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजनान्तर्गत नगर पंचायत भारत भारी के मोतीगंज चौराहे पर रॉयल कलेक्शन से पुलिस बूथ तक इंटरलाकिंग सड़क का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर द्वारा नगर पंचायत भारतभारी के मोतीगंज चौराहे पर रॉयल कलेक्शन से पुलिस बूथ तक इंटरलाकिंग सड़क निर्माण कार्य को देखा गया। निरीक्षण के दौरान सड़क सड़क को खोदवाकर गुणवत्ता को भी चेक किया गया।



निर्माण कार्य स्टीमेट एवं एम बी का मिलान किया गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक अनुरूप नही पाया गया। 3 सेमी. जेएसबी कम पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भारतभारी को 05 प्रतिशत कटौती करने का निर्देश दिया।

# जिला स्तरीय पोषण एवं कंवर्जेस समिति की हुई बैठक

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

–जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जिला स्तरीय पोषण समिति,जिला कन्वर्जेस समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर द्वारा विगत माह के बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओ एवं बच्चो को चिन्हित कर समय से पोषाहार उपलब्ध कराये, बच्चों में पुष्टाहार का वितरण कराने का निर्देश दिया इस कार्य में लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही करने का निर्देश दिया हॉटकुक्ड प्राथमिक विद्यालयों पर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रो 0–3 वर्ष के बच्चो को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने समस्त सी.डी.पी.ओ.,सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि वीएचएनडी के माध्यम से सैम बच्चों, मैम बच्चे, गर्भवती



महिलाओ का स्वास्थ्य परीक्षण कराने का निर्देश दिया अतिकुपोषित बच्चो को एनआरसी में भर्ती कराने का निर्देश दिया सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आर0ओ0,पोषण वाटिका, विद्युत कनेक्शन, पेयजल, हैण्डवाश, बाला पेन्टिंग, रैम्प आदि कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्र समय से खुले खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा सीडीपीओ आगंनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करे जिलाधिकारी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों के समय से खुलने का प्रमाण–पत्र सोमवार तक उपलब्ध कराये जिलाधिकारी ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक सप्ताह में 05 ग्राम पंचायत में भ्रमण करते रहे सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय पोषण सप्ताह दिनांक 01 सितम्बर से 07 सितम्बर 2024 तक मनाया जायेगा जिसमें आकांक्षात्मक जनपद के 06 इंडीकेटर्स तथा आकांक्षात्मक विकास खण्ड के 06 इंडीकेटर्स से संतृप्त किया जायेगा इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा संदीप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी नौगढ़, समस्त सी0डी0पी0ओ0 व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस भर्ती आरक्षी का पेपर देकर लौट रहे युवक की बस की चपेट में आने से मौत

ब्यूरो सिद्धार्थनगर

–जिले मे बीती रात पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देकर लौट रहे युवक की बस से उतरते समय पैर फिसलने की वजह से बस के पिछले पहिये की चपेट मे आने से मौत हो गई. मृतक का नाम शिवशंकर यादव बताया जा रहा है. जिसकी उम्र 22 वर्षीय है. वह बांसी थानाक्षेत्र के कुशलपुर हरैया नानकार गांव का रहने वाला था बीते कल पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देने के लिए वह सुबह गोरखपुर निकला. दिन मे परीक्षा दी और वापस आते समय बांसी के माधव चौक के पास बस चालक को बस रोकने के लिए आवाज दी चालक बोला कि उतर लो बस धीमी चाल से चल रही थी तभी शिवशंकर उतरने लगा इसी बीच उसका पैर फिसल गया और वह बस के पिछले पहिये के नीचे आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई यह देख बस चालक व कडक्टर भाग निकले जिसके बाद आसपास के स्थानीय लोगो ने युवक को बांसी सीएचसी पहुंचाया जंहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया इस घटना को लेकर बांसी सीएचसी के डॉ आर के सिंह ने बताया कि अस्पताल मे शिवशंकर यादव नाम का एक लड़का लाया गया है हमारे पास मुझे बताया गया है कि मार्ग दुर्घटना हुई है. इनके साथ मार्ग दुर्घटना हुई है इन्हे यंहा मृत अवस्था मे लाया गया है इनकी उम्र 22 से 25 वर्ष के बीच होंगी।

# हर बूथ पर आयोजित हुई सदस्यता अभियान की कार्यशाला

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। शनिवार को भाजपा ने सदस्यता अभियान को लेकर पूरे जनपद के सभी बूथों पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस क्रम में शहर के बाबा सोमनाथ शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 195 पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभियान के इस क्रम में गोरखपुर क्षेत्र के सभी जिलों एवं मंडलों तक कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी हैं। आज जिले के सभी बूथों पर कार्यशाला आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के अगले क्रम में जब दिनांक 2 सितंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा द्वारा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवा कर इस अभियान का शुभारंभ होगा तब हम सब कार्यकर्ता भी आज जिन बूथों पर कार्यशाला में भाग लेंगे उन्ही बूथों पर 2 सितंबर को पुनः जाकर स्वयं 20‍25 परिवार को संपर्क कर कम से कम 100 लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण



करवाएंगे।आगामी कार्यक्रम के दृष्टिगत बूथ पर आयोजित कार्यशाला की फोटो बूथ,मंडल, विधानसभा, जिला के विवरण के साथ प्रदेश द्वारा दिए गए गोरखपुर क्षेत्र के वॉट्सएप नंबर पर अवश्य भेजें 9219954536 साथ ही साथ जन संपर्क एवं अभियान से संबंधित सभी फोटो उपरोक्त नंबर पर अवश्य भेजें। आज से ही सदस्यता अभियान के प्रचार प्रसार हेतु हम सभी अपने सभी सोशल मीडिया प्रोफाइल में सदस्यता अभियान की संगठन द्वारा दी गई फोटो लगाएं साथ ही साथ अन्य क्रिएटिव फोटो, वीडियो, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग इत्यादि प्रकार से भी अभियान का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर जन जन तक पहुंचाएं। सदस्यता अभियान के सह संयोजक अंकुर राय ने कहा कि सदस्यता की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए 8800002024 पर मिस्ड कॉल करवाएं एवं ैडै द्वारा प्राप्त लिंक पर विवरण भरवाकर पंजीकरण पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि सदस्यता हेतु सहायता के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर है 8860147147 पर संपर्क कर सकते हैं। अभियान में किसी तकनीकी सहायता हेतु आप अपने मंडल, जिला स्तर पर आई टी एवं सोशल मीडिया टोली से भी संपर्क कर सकते हैं। कहा कि मेरा यह पूर्ण विश्वास है कि संगठन महापर्व के इस महत्वपूर्ण अभियान को हम सभी अपने प्रयास से सफल बनाकर जनपद को प्रदेश में ही नहीं अपितु राष्ट्र में अभियान के अग्रणी श्रेणी लेकर जाएंगे। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, गोविंद चौरसिया, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, सुधीर मद्धेशिया, मनीष मल्ल, मारकंडे गिरी, अक्षय राजपूत, आशु सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मरीजों को घर के नजदीक ही मिलेगा बेहतर इलाज शलभ मणि

## अर्बन देवरिया में 6 आयुष्मान आरोग्य मंदिर का हुआ शुभारंभ

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। विस्तारित सेवा पैकेज के तहत शनिवार को जनपद में 6 अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर का शुभारम्भ किया गया। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने भुजौली कॉलोनी के आचार्य रामचंद्र शुक्ल नगर के अर्बन आयुष्मान मंदिर उद्घाटन कर किया। बीपी, शुगर सहित अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 40 से 50 प्रकार की दवाओं और 10 प्रकार की जाँच की सुविधा मिलेगी।इस दौरान सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि अब शहरी क्षेत्र में रहने वाले मरीजों को घर के नजदीक ही बेहतर इलाज मिल सकेगा। जिले में अब छह और अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित होंगे। इसके पूर्व तीन ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर रामनाथ, चकियावा और सोमनाथ में संचालित हो रहा था। अब भुजौली आचार्य रामचंद्र शुक्ल नगर, देवरिया खास(पश्चिमी), जिला जेल के नजदीक दानोपुर, भीखमपुर रोड अम्बेडकर नगर, कांशीराम आवास मेहड़ा बाहर, अली नगर शुगर मिल ग्राउंड अबूबकर नगर उत्तरी अर्बन आयुष्मान मंदिर का संचालन शुरू किया गया। सीएमओ डॉ राजेश झा कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए फार्मासिस्ट, एलटी, स्टाफ नर्स, वार्डबॉय व स्वीपर की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित आयुष्मान



आरोग्य मंदिर में गर्भावस्था एवं शिशु जन्म देखभाल, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल, परिवार नियोजन, गर्भ निरोधक सेवाएं एवं अन्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल, संचारी रोगों का प्रबंधन, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और ओपीडी आदि सेवाएं दी जाएंगी। इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ हरेंद्र, अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, डॉ विनीत, डॉ निहारिका, डीपीएम पूनम, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल, कालेश्वर राय आदि लोग उपस्थित थे।

# फैमिली आईडी–एक परिवार एक पहचान योजना के तहत करें आवेदन

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय ने बताया है कि उ०प्र० शासन द्वारा प्रदेश में अध्यासित परिवारों के लिए फैमिली आई०डी०–एक परिवार एक पहचान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में अध्यासित लगभग 3.59 करोड़ परिवार एवं 14.92 करोड़ व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशनकार्ड के पात्र नहीं है, उन्हे फैमिली आई०डी० उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी है। जिसके माध्यम से भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई०डी० से सहूलियत होगी। जो परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं वे भी स्वेच्छा से फैमिली आई०डी० प्राप्त कर सकते है। इसके लिए आप फैमिली आई०डी० पोर्टल ीजजचे रूध्ध्िउपसलपक. नच.हवअ.पद पर स्वयं आवेदन कर सकते हैं या अपने नजदीक कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

आवेदन हेतु परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड होना चाहिए साथ ही आधार कार्ड मोबाईल नम्बर से लिंक होना चाहिए, जिससे ओ०टी०पी० के माध्यम से सत्यापन हो सके। किए गये आवेदन का शहरी क्षेत्र में उपजिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खाण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से सत्यापन होने के उपरान्त प्रिंटेड एवं लैमिनेटेड कार्ड शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खाण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से निःशुल्क वितरण कराया जायेगा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना (राशनकार्ड) से आच्छादित न होने वाले परिवारों को उन्होंने अवगत कराया है कि वे स्वयं या कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से फैमिली आई०डी० कार्ड हेतु आवेदन कर सकते हैं, जिससे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके।

# सन्त गणिनाथ जन्मोत्सव पर देवरिया में हुआ वृह्द रक्तदान

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। मद्धेशिया समाज के कुलगुरु भगवान शंकर के मानस पुत्र संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ के जन्मोत्सव पर शनिवार को मध्यदेशीय वैश्य महासभा, निफा देवरिया व स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी यूथ ब्रिगेड द्वारा संयुक्त रूप से जिला ब्लड बैंक देवरिया में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने किया। मुख्य अतिथि ने सन्त गणिनाथ के जन्मोत्सव पर किए जा रहे रक्तदान शिविर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेवाकार्य मानवता हित में है और रक्तदान हर किसी को करना चहिए। रक्तदान लोगों का जीवन बचाने का जरिया होता है। मध्यदेशीय वैश्य महासभा रक्तदान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय युवा संयोजक सन्तोष मद्धेशिया ने अपना 20वां, इसरावती देवी ने 7 वां, सुंदरी धनगर, तनु सिंह, अंकिता पाण्डेय, युवा जिला महामंत्री मनीष मद्धेशिया, सत्येंद्र मद्धेशिया, पंकज गुप्ता, मनोज मद्धेशिया, सुमित मद्धेशिया, रवि मद्धेशिया, राजेश मद्धेशिया सहित कुल 51 युवतियों व युवाओं ने रक्तदान किया। सभी रक्तदानियों को मुख्य अतिथि व ब्लड बैंक द्वारा प्रशस्ति पत्र और डोनर कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा, सीएमएस डॉ एचके मिश्रा, डा0 रणधीर सिंह, तेजभान, शरद तिवारी, पूजा सिंह, गोपाल श्रीवास्तव, श्यामानंद तिवारी, युवा जिलाध्यक्ष बिट्टू मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष शुभम मद्धेशिया, दीपक मद्धेशिया, रामाश्रय मद्धेशिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।